

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | शनिवार, 27 जुलाई 2024 | वर्ष: 01, अंक: 133, पृष्ठ: 8, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


## शत्रुओं से सदैव रहे सावधान : डा शैलेन्द्र मिश्रः कर्तव्यों का करें निर्वहन : प्रो अनिमेष ओझा

### *ज्वाला देवी गंगापुरी में हर्षोल्लास मनाया गया कारगिल विजय दिवस*

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज गंगापुरी, रसूलाबाद के रज्जू भैया सभागार में कारगिल विजय दिवस आज मनाया गया । मुख्य अतिथि डॉ शैलेन्द्र कुमार मिश्र असिस्टेंट प्रोफेसर इविवि, अध्यक्षता प्रो अनिमेष कुमार ओझा भौतिक शास्त्र, एमएनएनआईटी थे।

अतिथियों व प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्र ने माँ सरस्वती की प्रतिमा तथा कारगिल में शहीद हुये अमर जवानों के चित्र पर दीपार्चन एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया । विद्यालय के प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्र ने अतिथि परिचय कराते हुए शहीदों को नमन किया तथा छात्रों को सेना में जाने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि डॉ शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने कहा कि हमें कारगिल को अंतिम न मानकर सदैव सजग रहना चाहिए। हमें देश के आंतरिक व वाह्य दोनों प्रकार के शत्रुओं से सावधान रहते हुए देश की रक्षा के लिए तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें सदैव देश के लिए समर्पित रहना चाहिए और आने



वाली पीढ़ी को देश सेवा के लिए जागरूक करें। एक देश की आन बान और शान सेना होती है जिसका हमें सदैव सम्मान करते रहना चाहिए।

कारगिल योद्धा सतपाल श्रीवास्तव ने बताया कि किसी युद्ध को जीतने के लिए सिर्फ अत्याधुनिक उपकरण और सैन्य ताकत ही नहीं, बल्कि उस देश के नागरिकों के अपने राष्ट्र भूमि के रक्षार्थ अपना सर्वस्व अर्पित करने की भावना से सुनिश्चित होता है। उन्होंने बताया कि कैप्टन विक्रम बत्रा, लेफ्टिनेंट सौरभ कालिया, मेजर योगेन्द्र सिंह यादव एवं कैप्टन मनोज पाण्डेय आदि शहीदों का जिक्र करते हुए कहा कि हमें भी अपने देश के सम्मान एवं निष्ठा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।

इस उपलक्ष्य पर विद्यालय के छात्र यश स्वरुप (विद्यालय प्रधानमंत्री) ने अंग्रेजी भाषा में एवं सुमित दूबे ने हिन्दी भाषा में विचार रखे। विद्यालय की छात्रा सिद्धिका तिवारी ने देश भक्ति गीत को प्रस्तुत किया तथा छात्र स्वास्तिक पाल ने देशभक्ति कविता पाठ किया।

कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो अनिमेष कुमार ओझा ने वीर जवानों को नमन करते हुये तथा छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुये देश के लिए अपने कर्तव्यों को निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

संचालन आचार्या श्रीमती रीता विश्वकर्मा, छात्रा इन्द्राणी सिंह एवं अदिति यादव ने किया। आभार ज्ञापन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य जनार्दन प्रसाद दूबे ने किया। इस अवसर पर लक्ष्मीनारायण शुक्ल, सविता त्रिपाठी, नीलम स्वर्णकार, बेबिका राय, मीनाक्षी मेहरोत्रा, शिवानंद, प्रवीण, सुयश, आदि उपस्थित रहे।

## खडगे-राहुल ने करगिल शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की




**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 25वें कारगिल विजय दिवस पर शुक्रवार को युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री खडगे ने कहा, 25वें 'कारगिल विजय दिवस' के अवसर पर हमारे वीर सैनिकों, उनके परिवारों और सभी भारतीयों को बधाई। उन्होंने इस युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी और कहा, कारगिल युद्ध में हमारी मातृभूमि की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले हमारे वीरों की शहादत को हम सिर झुकाकर नमन करते हैं। हमें उनके अदम्य साहस व पराक्रम पर गर्व है। जय हिंद। श्री गांधी ने कहा, भारत की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों को कारगिल विजय दिवस पर मेरा शत्-शत् नमन। उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए देश सदैव ऋषी रहेगा।

## निर्यात होने वाली दवाओं की गुणवत्ता पर है विशेष ध्यान : नड्डा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा है कि देश में छोटी बड़ी सभी दवा और उर्वरक कंपनियों को बढ़ावा दिया जा रहा है और भारत में बन रही दवाओं की दुनिया में बढ़ रही मांग को देखते हुए उसकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

लोकसभा में रसायन उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि सरकार छोटी और बड़ी सभी रसायन एवं उर्वरक कंपनियों को मदद करती है। जिन कंपनियों का टर्नओवर एक करोड़ तक है उन्हें 20 प्रतिशत, जो 250 करोड़ तक की टर्नओवर वाली कम्पनी हैं उसे 15 प्रतिशत और जिनका टर्नओवर 250 करोड़ से ज्यादा है उन्हें 10 प्रतिशत तक की मदद दी जाती है। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया में फार्मेसी का



केंद्र बन गया है और भारत में बन रही दवा की पूरी दुनिया में मांग है। दुनिया भर की दवा कंपनियां भारत का रुख कर रही हैं और इस क्रम को आगे बनाए रखने के सारे प्रयास किए जाएंगे। अध्यक्ष ओम बिरला ने भी हस्तक्षेप करते हुए अपनी टिप्पणी में कहा कि वह जिस देश में जाते हैं भारतीय दवाइयों की प्रशंसा और उसकी मांग की बात उन्होंने वहां देखी है।

श्री नड्डा ने दवाओं की गुणवत्ता से संबंधित एक सवाल पर कहा कि जो दवाइयां निर्यात होती हैं उनके सैंपल का यहां भी परीक्षण होता है और जहां जाती है वहां भी उनका परीक्षण होता है। अफ्रीकी देशों में भारत की खांसी की दवा की गुणवत्ता को लेकर उठे सवाल पर उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसा ना हो इस पर ध्यान दिया जाएगा।

## विदेश में फंसे भारतीयों के लिए फंड की कमी नहीं : सरकार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा है कि विदेश जाने वाले भारतीयों को संकट के समय आसानी से वापस लाया जा सके, इसके लिए पर्याप्त फंड की व्यवस्था है और दस्तावेजों के कारण किसी को समस्या ना हो इसके लिए पोर्टल भी बनाया गया है।

विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा में एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि हमारे जो लोग बाहर जाते हैं उनके डाटा गलत ना हों और उन्हें संकट का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए एक पोर्टल तैयार किया गया है। पोर्टल में हेल्पलाइन है कि उन्हें कहां और कैसे मदद की जा सकती है। इसमें उन्हें सुझाव दिए गए हैं। विदेश राज्य मंत्री ने कहा कि बाहर जाने पर लोगों को जो भी दिक्कत आती है, वह पोर्टल



पर अपनी बात लिखकर उसके बारे में सुझाव ले सकते हैं। पोर्टल पर उन्हें जवाब दिया जाता है और वह किसी तरह से विदेश जाकर फंसे नहीं इसलिए उनके दस्तावेजों को लेकर उन्हें पूरी तरह से सतर्क किया जाता है।

उन्होंने विदेश में आपातकाल के हालात में भारतीयों के कल्याण से संबंधित निधि के सवाल पर कहा कि इसमें पूरी पारदर्शिता है और इसमें पहले की अपेक्षा अब बहुत अधिक निधि दी जाती है। उन्होंने कहा कि विदेश में हर भारतीय की सुरक्षा सुनिश्चित हो, यह प्रयास सरकार हमेशा करती है। श्री सिंह ने कहा, विदेश में फंसे भारतीयों को हम लगातार रिकॉर्ड समय के भीतर स्वदेश ला रहे हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है और भारत सरकार इस जिम्मेदारी का निर्वहन कर रही है।

## जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से 2,566 तीर्थयात्रियों का जत्था अमरनाथ के लिए रवाना

**जम्मू।** शुक्रवार की सुबह बारिश के बीच 2,566 तीर्थयात्रियों का अब तक का सबसे छोटा जत्था जम्मू के भगवती नगर स्थित आधार शिविर से अमरनाथ तीर्थयात्रा के लिए रवाना हुआ। तीर्थयात्रियों का 29वां जत्था केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की सुरक्षा में 84 वाहनों के काफिले में सुबह 3:20 बजे रवाना हुआ। अब तक की यात्रा के दौरान 4.36 लाख से अधिक तीर्थयात्री 3,880 मीटर ऊंचे गुफा मंदिर में प्राकृतिक रूप से निर्मित बर्फ के शिवलिंग की पहले ही पूजा



कर चुके हैं, जबकि पिछले साल यह संख्या 4.5 लाख से अधिक थी। कुल 2,566 तीर्थयात्रियों में से 1,681 तीर्थयात्री अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर के मार्ग से तीर्थयात्रा करने के लिए पहलगाम पहुंचेंगे। इसमें 885 तीर्थयात्रियों ने गांदरबल जिले में छोटे लेकिन अधिक ढलान वाले 14 किलोमीटर के बालटाल मार्ग को चुना है। 52 दिवसीय वार्षिक यात्रा 29 जून को औपचारिक रूप से शुरू हुई और 19 अगस्त को समाप्त होगी।

## प्रभात झा के निधन पर मोदी, शाह, नड्डा ने शोक जताया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभात झा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

67 वर्षीय श्री झा का आज प्रात- गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा, भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद प्रभात झा जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। मैंने उनकी कार्यशैली को बहुत करीब से देखा है कि संगठन को सशक्त बनाने में उन्होंने किस प्रकार सक्रिय भूमिका निभाई। जनसेवा के अपने कार्यों के साथ ही उन्होंने पत्रकारिता और लेखन के क्षेत्र में भी अमूल्य योगदान



दिया। शोक की इस घड़ी में उनके परिजनों और प्रशंसकों को मेरी संवेदनाएं। ओम शांति!

भाजपा अध्यक्ष श्री नड्डा ने एक्स पर अपने शोक संदेश में लिखा, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, मध्यप्रदेश के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष प्रभात झा जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। उनका संपूर्ण जीवन जनसेवा और संगठन को समर्पित रहा। उनका जाना भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करता हूँ, ईश्वर उन्हें संबल प्रदान करें और दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। ? शांति!

गृह मंत्री श्री शाह ने कहा, ÷वरिष्ठ भाजपा नेता प्रभात झा जी का निधन भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। राष्ट्र एवं संगठन को निःस्वार्थ भाव से अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले प्रभात झा जी ने मध्य प्रदेश में संगठन को मजबूत बनाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। उन्होंने राज्यसभा सांसद के रूप में हमेशा जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाया। दुःख की इस घड़ी में पूरी भाजपा उनके परिजनों के साथ है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। ? शांति शांति शांति।

## किराये के हैलीकॉप्टर पर भजनलाल सरकार खर्च करेगी हर साल 23 करोड़ से अधिक धनराशि

**एजेंसी**

**जयपुर** । राजस्थान में भले ही किसी भी पार्टी की सरकार रही हो, लेकिन किसी भी सरकार ने हवाई जहाज या हेलीकॉप्टर खरीदने की जहमत नहीं उठाई, बल्कि हर साल करोड़ों रुपये किराये या लीज के हवाई जहाज और हेलीकॉप्टरों से यात्रा करने पर फूंक दिए गए है । राजस्थान विधानसभा में लगे एक सवाल से यह खुलासा हुआ है । सवाल के जवाब में बताया गया है कि राज्य सरकार के पास वर्तमान में कोई हवाई जहाज व हैलीकॉप्टर नहीं है।वहीं भजनलाल सरकार ने 5 जून 2024 को मैसर्स रेडबर्ड एयरवेज प्रा0 लि0, नई दिल्ली से हैलीकाप्टर लीज या किराये पर लेने का अनुबन्ध किया गया है। इस पर प्रतिवर्ष



23.79 करोड़ रुपये की राशि प्रतिवर्ष व्यय होना अनुमानित है।

वहीं पिछले 4 वर्षों के दौरान हैलीकाप्टर व विमान सेवा के लिए किराये के रूप में वर्ष 2020-21 में 8.03 करोड़ खर्च हुए, जबकि 2021-22 में 7.19 करोड़, 2022-23 में 31.30 करोड़ और चुनावी वर्ष में 2023-24 में 29.94 खर्च हुए है ।

## राजद के बिहार विधान परिषद सदस्य सुनील सिंह की सदस्यता रद्द

**पटना।** बिहार विधानमंडल में मानसून सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करना राजद के एमएलसी सुनील कुमार सिंह को भारी पड़ गया। इसके चलते एमएलसी सुनील कुमार सिंह की विधान परिषद से सदस्यता रद्द कर दी गई है। इससे पहले गुरुवार को विधान परिषद की आचार समिति ने उनके खिलाफ रिपोर्ट तैयार कर दी थी और अब आज इसकी घोषणा कर दी गई। समिति ने कहा था कि सुनील कुमार सिंह ने सदन के सदस्य बने रहने की पात्रता खो दी है। समिति ने अपनी 112 पन्नों की रिपोर्ट दी है। विधानमंडल सत्र के चौथे दिन राजद विधान परिषद सदस्य सुनील कुमार सिंह ने सदन के अंदर नीतीश कुमार की मिमिक्री की थी।




## लूट की घटना में लापरवाही बरतने पर 2 आरक्षी निलंबित

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी।** कोखराज कोतवाली इलाके में सोमवार को दिन दहाड़े बाइक सवार बदमाश महिला के गले से मंगलसूत्र छीन कर भाग निकले। पीड़िता शिकायत लेकर शहजादपुर चौकी पहुंची तो बीट आरक्षियों ने उसे वापस कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया।गुरुवार की देर रात पुलिस अधीक्षक ने दो बीट आरक्षियों को निलंबित करते हुए प्रकरण की प्रारंभिक जांच सीओ कौशाम्बी को सौंप दी है।

बता दें कि कड़ा धाम थाना क्षेत्र के म्योहरा निवासी श्रीनाथ पत्नी मालती देवी व बेटे मुकेश कुमार के साथ बाइक से सोमवार की सुबह बरक्कतपुर गांव रिश्तेदारी जा रहा था। कोखराज थाना क्षेत्र के टेढ़ीमोड़ हाइवे पर मूरतगंज की तरफ जा रहे अपाचे सवार दो युवकों ने पीछे से बाइक के नजदीक पहुंचकर मालती देवी के गले में पड़े मंगलसूत्र की खींच कर भाग निकले। घटना के बाद महिला शहजादपुर चौकी गई जहां पर महिला ने आरक्षी विमल कुमार व सोनू यादव से शिकायत की। बावजूद आरक्षियों ने न तो कंट्रोल रूम को सूचना दी और न ही उच्चाधिकारियों को घटना से अवगत कराया। इतना ही नहीं लुटेरों की धड़ पकड़ के लिए भी कोई प्रयास नहीं किया गया। देर रात पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने आरक्षी विमल कुमार व सोनू को सस्पेंड करते हुए प्रारंभिक जांच क्षेत्राधिकारी कौशांबी को दी है।

## कारगिल विजय दिवस समारोह में कारगिल विजेता एवं वीर नारियों को किया गया सम्मानित



**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** सैनिक कल्याण पुनर्वास कार्यालय, मंझनपुर में आज 25वॉ कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार वर्मा ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की शुरूआत जिलाधिकारी ने शहीद अजीत कुमार शुक्ला के मानचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया। सोल्जर बोर्ड अधिकारी कर्नल अमित कुमार सिंह ने जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक को बुकें भेट कर स्वागत किया।

जिलाधिकारी ने कारगिल युद्ध विजेता सूबेदार मदन सिंह एवं हवलदार दशरथ लाल करवरिया को माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंट करतें हुए वीर नारियों को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। उन्होंने कारगिल में शहीद योद्धाओ को नमन करते हुए कहा कि जो लोग देश की सीमा पर अपने प्राणों की बाजी लगाकर देश की रक्षा करते हुए शहीद हो गए हैं, उनको मैं नमन करता हूं और जो आज देश की सीमा पर तैनात होकर, हमारे देश की सुरक्षा कर रहें हैं, उन्हें धन्यवाद देता हूं। उन्हांने कहा कि अगर किसी फौजी की किसी प्रकार की कोई समस्या होती है तो वे मेरे कार्यालय में आकर मुझसे मिलकर अपनी समस्या का समाधान करवा सकतें हैं। उन्होंने कहा कि सैनिक बंधु की मीटिंग महीने में एक बार मेरे कार्यालय में आयोजित की जायेंगी, जिसमे आप अपनी समस्या दो दिन पूर्व लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकतें हैं, जिसका समाधान मीटिंग में सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों द्वारा करवाने की कोशिश की जायेंगी।

इस अवसर पर सोल्जर बोर्ड अधिकारी कर्नल अमित सिंह, जय नारायण मिश्रा, मदन सिंह तथा पूर्व सैनिकगण- दशरथ लाल करवरिया, शारदा प्रसाद वर्मा, महेंद्र सिंह, संजीव कुमार चौरसिया, राज मन पाल, राम यादव, कृष्ण चंद गुप्ता, उद्धव श्याम केसरवानी, मनोज कुमार सिंह, अस्वनी कुमार पांण्डेय एवं भैया लाल यादव सहित अन्य वीर नारियां उपस्थित रहीं।

## कसया थाने का सीओ ने किया अर्धवार्षिक निरीक्षण



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी कसया कुंदन सिंह द्वारा थाना कसया का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गयो निरीक्षण के दौरान थाना के विभिन्न अभिलेखों, एंटी रोमियो रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, मालखाना,समाधान,तहसील,महिला उत्पीड़न,भूमि विवाद,नियुक्ति/ड्यूटी रजिस्टर व जनशिकायत रजिस्टर का सूक्ष्मता एवं गहनता से निरीक्षण किया गया तदोपरांत थाना परिसर का भ्रमण, शस्त्रों का रख रखाव, साफ-सफाई उच्च कोटि का रखने हेतु निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त सीसीटीएनएस पर कार्यरत पुलिस कर्मियों से सीसीटीएनएस तथा आईजीआरएस प्रकरणों पर किये जाने वाले कार्यों के सम्बन्ध में जानकारी की गयी एवं निरीक्षण के अंत में थाने पर नियुक्त सभी विवेचकों को विवेचना निस्तारण पर प्रचलित अभियान में अधिक से अधिक निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया तथा पुलिसकर्मियों के साथ बैठक की गई और उनकी समस्याओं को सुनकर निस्तारण हेतु प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया।

## खड्डा पुलिस ने छेड़खानी के तीन आरोपी को किया गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को थाना खड्डा पुलिस द्वारा पाक्सो एक्ट में वांछित 3 अभियुक्त भरत चौहान पुत्र लक्ष्मन चौहान साहनी साकिन लक्ष्मीपुर पडरहवा थाना खड्डा जनपद कुशीनगर. राजकुमार उर्फ बटोरन पुत्र स्व0 अशोक राजभर साहनी साकिन लक्ष्मीपुर पडरहवा थाना खड्डा जनपद कुशीनगर, नागेश्वर उर्फ कोइरल साहनी पुत्र रामचन्द्र साहनी साकिन लक्ष्मीपुर पडरहवा थाना खड्डा जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# बड्डूपुर पुलिस ने चोरी की पांच घटनाओं का किया खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी।** कप्तान दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर बड्डूपुर पुलिस ने चोरी की घटनाओं के खुलासा के लिए चेकिंग के दौरान पांच घटनाओं को खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का सामान व तमंचा कारतूस बरामद करते हुए जेल भेज दिया।

थाना बड्डूपुर पुलिस द्वारा चोरी का अभियुक्त छोटेलाल उर्फ छोटन्ने पुत्र रामआधार निवासी बड़ागांव थाना बड्डूपुर जनपद बाराबंकी को बड़ागांव के पास से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त के कब्जे से चोरी का सामान ( 50 डिब्बी सिगरेट, विभिन्न कम्पनी के पान मसाले के 32 पैकेट, बीड़ी 08 पैकेट), 9130 रुपए नगद व एक अदद तमंचा व कारतूस .12 बोर बरामद किया गया।

अभियुक्त द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर थाना



बड्डूपुर क्षेत्रान्तर्गत कस्बे में करीब तीन चार दिन पूर्व एक दुकान से पान मसाला व नकदी चोरी की गयी थी, करीब 5 माह पूर्व थाना फतेहपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम धौसार से समरसैबल व करीब तीन महीने पूर्व ग्राम बनार से सोने चाँदी के जेवरात व नकदी चोरी किये थे एवं माह जून मे थाना कुर्सी क्षेत्र के ग्राम अगासंड मे बैट्री चोरी व कस्बे में खाद बीज की दुकान व चून्नी चोकर की दुकानो से नकदी चोरी किया था।

## ड्राइवर की लापरवाही से अनियंत्रित होकर पलटी बैन, छात्र घायल

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत चरवा के केशी का पूरा गांव के पास शुक्रवार की सुबह कथित चालक की लापरवाही से दर्जनों विद्यार्थियों से भरी स्कूल वैन खेत मे पलट गई स्कूल वैन के पलटते ही मौके पर अफरातफरी मच गई जैसे ही मामले की जानकारी विद्यार्थियों के परिजनों को लगी मौके पर विद्यार्थियों के परिजन पहुंच गए इस हादसे के बाद परिवहन विभाग समेत प्रशासन और विद्यालय प्रबंधन पर सवाल खड़े हो गए हैं कि योग्य चालकों के बजाय अशिक्षित चालकों के हाथ विद्यालय के विद्यार्थियों की जिंदगी क्यों सौंप दी जाती है खबर लिखे जाने तक दोषी विद्यालय प्रबंधन



और चालक पर मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी थाना पुलिस ने नहीं की है जिससे थाना पुलिस की भूमिका पर भी सवाल खड़े हैं।

जानकारी के मुताबिक एसपी कान्वेंट स्कूल की वैन दर्जनों विद्यार्थियों को लेकर शुक्रवार की सुबह 7 बजे स्कूल जा रही थीं बताया जाता है कि विद्यालय की वैन को खलासी चला रहा था जिसके पास चालक का लाइसेंस भी नहीं है नौसिखिया खलासी को विद्यालय प्रबंधक ने विद्यार्थियों को लाने के लिए वैन सौप दी अचानक रास्ते में कथित चालक अनियंत्रित हो गया और विद्यार्थियों से भरे वाहन को संभाल नहीं सका जिससे वाहन सड़क किनारे खेत मे पलट गया वाहन के पलटते ही मौके पर मची चीख पुकार सुनकर स्थानीय लोग दौड़कर घटनास्थल पर पहुँचे और वैन से विद्यार्थियों को बाहर निकाला खबर कवरेज करने पहुंचे लोगों से भी वाहन के चालक और विद्यालय प्रबंधन ने अभद्रता की है। बताया जाता है कि अयोध्या का पूरा गांव का निवासी स्कूल वैन चला रहा था विद्यालय प्रबंधन और परिवहन विभाग की लापरवाही के बाद एक बार फिर अभिभावकों के सामने बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि क्या नौसिखिया वाहन चालकों के वाहनों के जरिए अपने परिवार के बच्चों को विद्यालय पढ़ने भेज कर उनकी जिंदगी दांव में लगाएगे या फिर इस तरह के विद्यालयों से बच्चों को हटाकर दूसरे विद्यालय में नामांकन कराएंगे जिससे विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की जिंदगी सुरक्षित महसूस हो सके ।

## पुलिस की हत्थे चढ़े दो वारंटी भेजे गए जेल





**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर करारी पुलिस वारंटी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि वांछित वारंटी की तलाश में चेकिंग के दौरान वारंटी समर सिंह पुत्र हीरालाल निवासी अमीनपुर समरो थाना करारी व चिंतामणि पुत्र राम गरीब निवासी पिपर कुंडी थाना करारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## अज्ञात वाहन से टकराकर बाइक सवार दो कावड़ियो की मौत, दो घायल,

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बिजनौर!** अफजलगढ क्षेत्र में सडक दुर्घटना में दो कांवडियों की मौत हो गई जबकि दो कावड़िया घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराते हुए मृतकों के शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कांवडियों का 30 लोगो का जत्था ग्राम पनवडिया थाना शेरगढ जनपद बरेली से हरिद्वार कावड़ लेने जा रहा था। शुक्रवार की तड़के करीब 02.30 बजे जब उनका जत्था थाना अफजलगढ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम आसफाबाद के पास पहुँचा यो



कांवडियों के जत्थे में से एक मोटरसाईकिल अनियंत्रित होकर किसी अज्ञात वाहन से टकराकर स्कूटी पर गिर गयी, जिससे मोटरसाईकिल सवार दो व्यक्ति व स्कूटी सवार दो व्यक्ति घायल हो गये। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस द्वारा घायलों को सीएचसी अफजलगढ में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने मोटरसाईकिल सवार शिवम पुत्र नरेन्द्रपाल 24 वर्ष व अखलेश कुमार पुत्र ओमप्रकाश 22 वर्ष निवासीगण ग्राम पनवडिया थाना शेरगढ जनपद बरेली को मृत घोषित कर दिया गया। तथा स्कूटी सवार रामबहादुर पुत्र सोमपाल व उत्कर्ष पुत्र अहिवरूण गंगवार घायल हो गए। पुलिस द्वारा दोनों मृतको के शवों को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही के उपरान्त पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल मोर्चरी भिजवाया गया है। विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## आरटीओ दफ्तर में एडीएम सिटी का छापा

### 16 दलालों को किया गिरफ्तार कई दीवार कूदकर भागे

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कानपुर नगर।** एडीएम सिटी और डीसीपी सेंट्रल ने शुक्रवार को आरटीओ दफ्तर में छापा मारा। पुलिस और प्रशासनिक अफसरों की छापामारी होते ही दलाल दीवार फांदकर भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी करके 50 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद 16 दलालों को अरेस्ट कर लिया बाकी को छोड़ दिया गया। डीसीपी सेंट्रल राजेश कुमार सिंह और एडीएम सिटी राजेश कुमार ने दो अउढ और छह थानों की फोर्स के साथ आरटीओ में शुक्रवार दोपहर को छापा मारा। इस दौरान आरटीओ ऑफिस के दोनों मेन गेट को बंद



करा दिया गया। आरटीओ के बाहर से लेकर अंदर तक घेराबंदी करके 50 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया। जबकि कई तो दीवार भाग निकले। जांच में सामने आया कि इसमें 16 दलाल थे। जिनके हाथों में आरटीओ से जुड़े कई लोगों के दस्तावेज मिले हैं। इन सभी को पुलिस ने हिरासत में लिया है। डीसीपी सेंट्रल राजेश सिंह ने बताया कि दलालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। अवैध रूप से आरटीओ में पकड़े गए हैं। उनके पास कई लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित दस्तावेजों के साथ ही अन्य कागजात मिले हैं। एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि दलालों को लेकर आएदिन शिकायते आ रही है। जिसको देखते हुए ये छापेमारी की गई है आगे में छापेमारी जारी रहेगी।

## चरवा पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चरवा पुलिस उ०नि० बिपलेश सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त शनि पुत्र लवकुश निवासी कटहुला गौसपुर थाना एयरपोर्ट जनपद प्रयागराज को सैयद सरावा चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को मा० न्यायालय भेजा जा रहा है तथा पीड़िता को सकुशल बरामद कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया/चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 109 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही में 9 अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी ।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में ( थाना महेवाघाट से 01, थाना करारी से 02, थाना कोखराज से 04, थाना सैनी से 01, थाना कड़ाधाम से 01) कुल 09 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान मा० न्यायालय किया गया।

## किशोरी के साथ दुराचार का आरोपी गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर कड़ा धाम पुलिस दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी की तलाश में चेकिंग के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थानाध्यक्ष कड़ा धाम धीरेंद्र सिंह के निर्देश पर उपनिरीक्षक दीपक मिश्रा अपने हमराहियों के साथ वांछित वारंटी आरोपियों की तलाश कर रहे थे इसी बीच मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिक किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त अजय कुमार पुत्र श्यामलाल निवासी कटरा थाना करारी कौशांबी को फसैया तालाब थाना कड़ा धाम से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## हत्या के प्रयास में वांछित एक अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को थाना विशुनपुरा पुलिस द्वारा जानलेवा हमले में वांछित अभियुक्त संजय सिंह पुत्र बृजनारायन सिंह साकिन रामनगर जंगल सिसवा थाना कुबेरस्थान जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।



## शहीद स्मारक पर वीर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित किया



**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम स्थित शहीद स्मारक पर शुक्रवार को वीर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।नगर अध्यक्षा रागिनी अरुण केशरवानी की अगुवाई में उपस्थित लोगों ने कारगिल युद्ध मे शहीद हुए गुलाब चन्द्र सविता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।इस दौरान भारत माता की जय व गुलाब चन्द्र सविता अमर रहें के उद्घोषों से वातावरण गुंजायमान रहा।विदित हो कि नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के कड़ा निवासी गुलाब चन्द्र सविता कारगिल युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए थे।इस अवसर पर अरुण केशरवानी, शिवम मौर्या, अभिषेक मौर्या, अनूप शुक्ला, बृजेश विद्यार्थी, उमेश पटेल, श्यामू अग्रहरि, रवि कुमार, सुघर सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# भव्य और दिव्य महाकुंभ के लिए संगमनगरी में हो रहे कायाकल्प को समय से पूर्ण कराने का निर्देश

## यातायात व्यवस्था के साथ ही सीसीटीवी ड्रोन आदि तकनीकी संसाधन से लैश होगा प्रयागराज का महाकुम्भ

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज** । आगामी महाकुम्भ-2024-25 की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अमला तेजी से लगा है इस बार महाकुम्भ मेला को बिल्कुल हाईटेक रूप देने का प्रयास किया जा रहा है मेला में यातायात व्यवस्था के साथ ही सीसीटीवी ड्रोन आदि तकनीकी संसाधन से लैश किये जाने की तैयारी किया जा रहा है सुक्रवार को अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर, प्रयागराज की अध्यक्षता में त्रिवेणी सभागार पुलिस लाइन्स, कमिश्नरेट प्रयागराज में परामर्शदात्री समिति की गोष्ठी आयोजित किया गया परामर्शदात्री समिति की गोष्ठी में महाकुम्भ-2025 में आने वाले श्रद्धालुओं के सुविधाजनक आवागमन हेतु तकनीकी साधनों (सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन एवं आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स) के माध्यम से निगरानी कर यातायात नियंत्रित किये जाने आदि पर विशेष ध्यान दिए जाने पर मंथन किया गया। गोष्ठी अध्यक्षता करते हुए अपर पुलिस महानिदेशक महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत प्रचलित परियोजनाओं के कार्य समय से पूर्ण करा लिए जायें के निर्देश दिया कहा कि रेलवे स्टेशनों पर श्रद्धालुओं यात्रियों के सुरक्षित आवागमन एवं बेहतर सुविधायें उपलब्ध कराने के साथ ही श्रद्धालुओं से शालीनतापूर्ण एवं विनम्र व्यवहार के दृष्टिगत करने वाले अधिकारी कर्मचारीयो को ही महाकुम्भ मेला ड्यूटी में लगाया जाए।




इस दौरान पुलिस आयुक्त प्रयागराज तरुण गाबा, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त एन कोलांची, पुलिस महानिरीक्षक रेंज प्रयागराज प्रेम कुमार, जिलाधिकारी प्रयागराज नवनीत सिंह चहल, कुम्भ मेलाधिकारी विजय किरन आनंद, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुम्भ मेला राजेश द्विवेदी, डीसीपी यातायात आशुतोष द्विवेदी तथा पुलिस एवं प्रशासनिक परामर्शदात्री समिति के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## माफिया अशरफ के साले सद्दाम की संपत्ति कुर्क

**सबसे तेज प्रयागराज**




**प्रयागराज** । माफिया अशरफ के साले सद्दाम की संपत्ति कुर्क करने के लिए बरेली पुलिस प्रयागराज पहुंच गई है। गैंगस्टर में निरुद्ध सद्दाम की संपत्तियों के चिह्नांकन के लिए बिथरी चैनपुर थाना पुलिस कार्रवाई शुरू करेगी। अतीक अहमद के भाई अशरफ का साला सद्दाम बदायूं जिला जेल में बंद है। सद्दाम के खिलाफ बिथरी व बारादरी थाने में मुकदमे दर्ज हुए थे, इनमें चार्जशीट भी लग चुकी है। बिथरी थाना पुलिस गैंगस्टर के मामले में सद्दाम समेत 11 आरोपियों की संपत्ति के चिह्नीकरण की कार्रवाई कर रही है। पिछले दिनों मीडिया में खबरें प्रकाशित हुईं कि सद्दाम के नाम वहां कार व अन्य संपत्तियां हैं।

इसी सिलसिले में बिथरी पुलिस की एक टीम इंस्पेक्टर क्राइम अजय कुमार , थानाध्यक्ष पुरामुफ्ती मनोज कुमार सिंह व एसआई रनदीप सिंह के नेतृत्व में प्रयागराज पहुंची है। यहां की पुलिस की मदद से उसकी संपत्ति का चिह्नीकरण किया जाएगा। प्रयागराज पुलिस पहले ही सद्दाम की पांच संपत्तियों को चिह्नित कर चुकी है। इनमें एक फॉर्च्यूनर कार और पुरा हटवा व आसपास में चार महंगे भूखंड हैं। पुलिस को गाड़ी से संबंधित विवरण मिल गया है।

## इफको इम्पलाइज यूनियन के चुनाव की घोषणा



**मौजी लाल रावत**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर।** इफको इम्प्लाइज यूनियन संघ के चुनाव को लेकर शुक्रवार को आम सभा का आयोजन इफको संयंत्र के मुख्य गेट पर आयोजित की। जिसमे इम्पलाइज यूनियन के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विनय कुमार यादव ने अपने कार्यकाल 02 अगस्त 2021 से अब तक कर्मचारियों के हित में हुए कार्यों का ब्योरा प्रस्तुत किया तथा उपलब्धियाँ गिनाई। यूनियन के महामंत्री विनय कुमार यादव ने चुनाव की घोषणा की तथा सभी कर्मचारियों से इस महापर्व में भागीदारी बनने की अपील की। इफको इम्पलाइज यूनियन का चुनाव 06 अगस्त 2024 को सम्पन्न होगा। इम्पलाइज यूनियन का चुनाव अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, संयुक्त मंत्री (संगठन), संयुक्त मंत्री (प्रचार), कोषाध्यक्ष, सहायक मंत्री, कार्यकारी सदस्य पदों पर होना है। विस्तृत कार्यक्रम की घोषणा चुनाव अधिकारी की नियुक्ति के बाद किया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में इफको कर्मचारी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी। इफको जनसंपर्क अधिकारी स्वयं प्रकाश ने विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

## किसान यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सबसे तेज प्रयागराज**



**फूलपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की पंचायत शुक्रवार को सहसों ब्लॉक में लगाई गई और अपनी मांगों के समर्थन में किसानों के साथ बैठक करते हुए मांग पत्र एसडीएम फूलपुर के प्रतिनिधि बीडीओ सहसों देव कुमार तथा उनके साथ आर आई, लेखपाल तथा थाना थरवई से पुलिस भेजा गया था। हम लोगों ने मांग पत्र सौंपते हुए पाली के पटेल बस्ती में बहू बेटियों व ग्रामीण के आवागमन का रास्ता बनाए जाने का मांग किया था। जिसे तीन दिन में पूर्ण करना था। परंतु ग्राम सभा के कुछ लोगों के विरोध के चलते नहीं बन पाई थी। उसका मौके पर निरीक्षण किया।

# अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश, पांच गिरफ्तार , बोलोरो स्कॉर्पियो बाइक बरामद






**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** नवाबगंज और एसओजी गंगापार की पुलिस वाहन चोर गिरोह के लिए चेकिंग के दौरान

मुखबिर की सूचना पर अंतर्जनपदीय सरगना समेत पांच चोरों को गिरफ्तार कर बोलोरो स्कॉर्पियो बाइक नगदी बरामद करते हुए जेल भेज दिया।

मीडिया को जानकारी देते हुए डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती ने बताया कि थाना नवाबगंज व एस0ओ0जी0 गंगानगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा 5 अभियुक्त कृष्ण कुमार उर्फ बच्चा यादव पुत्र स्व0 जोखूलाल यादव निवासी ग्राम बनई का पूरा बरीबोझ थाना नवाबगंज . अंकित गौतम पुत्र फूलचन्द्र निवासी ग्राम कटरा कौड़िहार थाना नवाबगंज. बच्चा पासी उर्फ अभि पासी पुत्र कामता प्रसाद निवासी ग्राम बुदौना थाना नवाबगंज. शनि कुमार सरोज पुत्र कमलेश कुमार सरोज निवासी ग्राम टिकुरी अहिवरन का पूरा थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़ , उमेशचन्द्र गुप्ता उर्फ बिल्लू पुत्र शंकर लाल निवासी कोरारी थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत कौड़िहार बाजार के पास से गिरफ्तार किया गया । उपरोक्त अभियुक्तों के कब्जे/निशांदेही पर विभिन्न स्थानों से चोरी की 03 बोलेरो, 02 स्कार्पियों, 01 अप्पे, 01 मोटर साइकिल, 05 बैटरी, 02 टायर मय स्टेपनी व गुमटी से चोरी किये गये पान-गुटखा, मशाला, सिगरेट आदि व चोरी के कुल 1500/- रुपए बरामद किये गये । तत्पश्चात गैंग लीडर कृष्ण कुमार उर्फ बच्चा यादव द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर कमिश्नरेट प्रयागराज के थाना फाफामऊ, हण्डिया, कर्नलगंज व अन्य स्थानों से बोलेरो व स्कार्पियो, अप्पे आटो व मोटर साइकिल को चोरी की गयी तथा चोरी की गई इन्हीं गाड़ियों से उपरोक्त अभियुक्तों द्वारा थाना नवाबगंज, सोरांव व कमिश्नरेट प्रयागराज के अन्य क्षेत्रों से ट्रकों से तेल/बैट्री की चोरी एवं कस्बा कौड़िहार से गुमटी /दुकानों से सामान चोरी किया जाने लगा । चोरी की गयी वाहनों को बेंचने की बात चल रही थी कि तभी पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे /निशादेही पर उपरोक्त वाहनों को बरामद किया गया । चोरी के वाहनों को खरीदने वाले उमेशचन्द्र गुप्ता उर्फ बिल्लू पुत्र शंकर लाल निवासी कोरारी थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज को भी गिरफ्तार किया गया है ।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम**

प्र0नि0 धर्मेन्द्र कुमार दुबे. व0उ0नि0 नीरज सिंह कुशवाहा. उ0नि0 सुखचैन तिवारी, प्रभारी सर्विलांस सेल/एस0ओ0जी0 गंगानगर. चौकी प्रभारी लाल गोपालगंज शरद सिंह, चौकी प्रभारी आनापुर बृजेश त्रिपाठी. उ0नि0 आलोक यादव. उ0नि0 शिव प्रसाद वर्मा, उ0नि0 अरविन्द कुमार. उ0नि0 राहुल कुमार, चौकी प्रभारी मारुति नन्दन तिवारी. उ0नि0 जयप्रकाश सिंह. उ0नि0 कुंवर गौरव सिंह, थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज ।

# मुक्त विश्वविद्यालय के रक्तदान शिविर में कुलसचिव एवं शिक्षकों ने किया रक्तदान

## पुण्य का कार्य है रक्तदान - प्रोफेसर सत्यकाम

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज** । उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तदान करने के लिए विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों में उत्साह बरकरार रहा।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम के निर्देशन में मुक्त विश्वविद्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा एवं तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।




कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने सरस्वती परिसर में रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों में रक्तदान के प्रति उत्साह बरकरार रहा। शिविर में 50 से अधिक लोगों ने नामांकन कराया, जिन्होंने रक्त समूह तथा ब्लड प्रेशर की जांच कराई। रक्तदान करने वालों में प्रमुख रुप से कुलसचिव कर्नल विनय कुमार, प्रोफेसर पी के स्टालिन, प्रोफेसर श्रुति, प्रोफेसर एके मलिक, डॉ शिवेंद्र प्रताप सिंह, डॉ मुकेश कुमार मौर्य, अनुपम, अनुराग शुक्ला एवं आशुतोष कुमार मिश्रा आदि प्रमुख रहे।

इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने रक्तदाताओं को प्रदेश शासन और बेली अस्पताल की तरफ से प्रशस्ति पत्र प्रदान किए और उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। शिविर में स्थानीय तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय रक्तदान केंद्र की तरफ से हेमंत शुक्ला, डॉ संजू, अजय मिश्रा, संदीप मिश्रा, भूपेंद्र पांडे, लवलेश शुक्ला, वीरेन्द्र तथा श्रीमती उपासना आदि ने सक्रिय सहयोग किया।

प्रारंभ में कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम एवं तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय के रक्तदान केंद्र की टीम का स्वागत स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा की प्रभारी प्रोफेसर डॉ मीरा पाल ने किया। इस अवसर पर रक्तदाताओं को प्रेरित करते हुए कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि विश्वविद्यालय में नियमित रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके पूर्व भी विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने रक्तदान किया था। उन्होंने कहा कि रक्तदान बहुत पुण्य का कार्य है। हर स्वस्थ व्यक्ति को जीवन में एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान कर हम मानव मात्र के जीवन की रक्षा में अमूल्य योगदान कर सकते हैं। रक्तदान शिविर में 50 से अधिक लोगों ने नामांकन कराया। चिकित्सकों द्वारा स्वस्थ शरीर के लिए बेहतर जीवन पद्धति के बारे में बताया गया। इस अवसर पर कुलपति एवं अन्य शिक्षकों ने रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन किया।

# शिक्षकों को नही उपलब्ध कराना होगा पैनल

## एकजुट के पदाधिकारियों ने माध्यमिक शिक्षा निदेशक को सौपा ज्ञापन। तबादले वाले शिक्षकों को नियुक्ति वाले जिले से मिलेगा पूरा वेतन। बोर्ड परीक्षा के बढ़े पारिश्रमिक से शिक्षकों को शीघ्र होगा भुगतान : निदेशक । सिटीजन चार्टर शीघ्र होगा लागू : डा हरिप्रकाश यादव

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज** । उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के प्रदेश अध्यक्ष सोहन लाल एवं प्रदेश संरक्षक डॉ हरिप्रकाश यादव के नेतृत्व में एकजुट का प्रतिनिधि मंडल शिक्षा निदेशक माध्यमिक डा महेंद्र देव से आज शिक्षा निदेशालय उप्र प्रयागराज में मिला। शिक्षक नेताओं ने विज्ञापन के आधार पर पुरानी पेंशन से आच्छादित शिक्षकों के द्वारा भरे जा रहे विकल्प में पेंशन प्रपत्रों में मूल पैनल को मांगे जाने को निरस्त करने , सिटीजन चार्टर को शीघ्र लागू करने, रुकी हुई पदोन्नति शुरू करने, स्थान्तरित शिक्षकों का सम्पूर्ण माह का वेतन स्थान्तरित जनपद से जारी करने एवं बोर्ड पारिश्रमिक की बढोत्तरी का आदेश निर्गत करने की मांग की।



शिक्षा निदेशक माध्यमिक डा महेंद्र देव ने सम्बंधित अधिकारियों को तत्काल शिक्षकों के द्वारा पेंशन के लिए भरे जा रहे विकल्प पत्र में चयन बोर्ड द्वारा भेजे गए पैनल की मांग की बाध्यता को समाप्त करने का दिशा निर्देश जारी करने का आदेश दे दिया । उन्होंने कहा कि पैनल जिला विद्यालय निरीक्षक उपलब्ध कराएंगे। पदोन्नति के सम्बंध में प्रस्ताव पर निदेशक ने बताया कि इससे संबंधित फाइल मुख्यमंत्री के पास निर्णय करने के लिए भेज दी गई है। साथ ही सिटीजन चार्टर पर संगठन से सुझाव लेकर शीघ्र जारी करने को आश्वत किया है ।

शिक्षा निदेशक डा महेंद्र देव ने अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में स्थान्तरित शिक्षकों का वेतन भुगतान स्थान्तरित जनपद से निर्गत करने का आदेश जारी करने का सम्बंधित अधिकारी को निर्देश दिया।

उन्होंने बोर्ड बोर्ड परीक्षा में कॉपियों के मूल्यांकन का पारिश्रमिक बढोत्तरी का आदेश जारी करने का आश्वासन दिया है।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक को ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष उपेन्द्र वर्मा एवं आय व्यय निरीक्षक सुरेंद्र प्रताप प्रदेश, मंत्री पुरुषोत्तम वर्मा, मंडल अध्यक्ष मिथिलेश मौर्य , मंत्री लक्ष्मी नारायण सिंह, जिला अध्यक्ष मो जावेद, जिला मंत्री देवराज सिंह, आशीष गुप्ता, विनोद यादव,हरिश्चंद्र यादव ,नरेंद्र सिंह,चन्द्र सोहन, रमेश यादव,सुरेश गुप्ता हरिशंकर, विजय विद्रोही, लालमणि यादव , सुरेंद्र सिंह, अशोक पटेल,छेदीराम, रामेंद्र सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## मुख्य अभियन्ता के निर्देश पर अधिशाषी अभियंता ने लगवाया ट्रांसफार्मर

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फाफामऊ।** नगर निगम का वार्ड नंबर 39 मलाक हर हर में लगा 63 केवीए के ट्रांसफार्मर कल सुबह जल गया था जिसकी जानकारी लोगों ने भाजपा नेता उमेश तिवारी को दी जानकारी मिलने पर भाजपा नेता उमेश तिवारी ने मुख्य अभियंता प्रयागराज नगरीय प्रमोद कुमार सिंह को इसकी जानकारी दी जिस पर मुख्य अभियंता ने अधिशासी अभियंता टैगोर टाउन महेंद्र प्रसाद को दूसरा ट्रांसफार्मर लगवाने के निर्देश दिया इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए एक्स ई एन महेंद्र प्रसाद में एसडीओ शांतिपुरम से वार्ता करके आज दूसरा ट्रांसफार्मर लगवा दिया जिससे लोगों ने भाजपा नेता उमेश तिवारी व अधिशाषी अभियंता महेन्द्र प्रसाद को धन्यवाद दिया।

## करंट से महिला की मौत गम में, भतीजी ने भी फांसी लगाकर दी जान

**सबसे तेज प्रयागराज**

**मेजा/प्रयागराज।** मेजा थाना क्षेत्र के तंदरिया गांव में करंट की चपेट में आने से महिला की मौत से दुखी होकर 15 साल की उसकी भतीजी ने घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी घर में दो-दो घटनाएं हो जाने से परिजनों पर पहाड़ टूट पड़ा। सूचना पर मौके पर पहुंची इलाके की पुलिस ने दोनों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया घर में कोहराम मचा हुआ है तंदरिया गांव के प्रेमचंद की पत्नी सुनीता देवी (40) बृहस्पतिवार रात में टीवी चलाने के लिए बिजली के बोर्ड में प्लग लगा रही थी तभी अचानक वह करंट की चपेट में आ गई जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई परिजनों ने आनन-फानन में सुनीता को अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया इसकी जानकारी जैसे ही सुनीता की भतीजी सीटू (15) पुत्री राधेश्याम को हुई तो वह घर के अंदर ही फांसी लगाकर जान दे दी परिजन सुनीता की लाश लेकर घर पहुंचे तो फांसी के फंदे से झूल रही सीटू के शव को बाहर निकाला परिजनों का कहना है कि सुनीता सीटू से बेहद प्रेम करती थी इतना तक की रात में सुनीता और सीटू एक ही बिस्तर पर सोते थे एक साथ दो दो घटनाएं हो जाने से घर में कोहराम मचा हुआ है घटना को लेकर हर कोई स्तब्ध है सूचना पर मौके पर उप निरीक्षक संत प्रकाश त्रिपाठी के साथ जेवनिया चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंच कर घटना की जांच पड़ताल में जुट गए दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस ने भेज दिया है पुलिस का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## श्रृंगवेरपुर धाम में रविवार को होगी श्री राम कथा

**सबसे तेज प्रयागराज**



**नवाबगंज।** जनपद तीर्थराज प्रयाग के प्रसिद्ध पौराणिक ऐतिहासिक पर्यटक तीर्थ स्थल निषाद राज की नगरी श्रृंगवेरपुर धाम मैं उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा निर्मित पर्यटक सुविधा केंद्र मैं श्रावण मास के पवित्र महीने में आगामी 28 जुलाई रविवार को रामायण मेला आयोजन समिति श्रृंगवेरपुर धाम द्वारा संचालित श्री राम कथा शोध संस्थान द्वारा दोपहर 2 :00 बजे से बाल व्यास राष्ट्रीय श्री राम कथा वाचक अतुल जी महाराज के मुखारविंद से भव्य श्री राम कथा का आयोजन आयोजित किया जा रहा है यह जानकारी देते हुए राष्ट्रीय रामायण मेला के संयुक्त मंत्री अमित द्विवेदी ने बताया कि इस अवसर पर जगद्गुरु रामानुजाचार्य शांडिल्य जी महाराज निषाद राज पीठाधीश्वर माधव दास जी महाराज श्री महेंद्र नाथ पांडे जी सहित अन्य संत महात्माओं विद्वानों समाजसेवियों जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में श्री राम भक्तों का आगमन होगा इस अवसर पर राष्ट्रीय रामायण मेला के उपाध्यक्ष सियाराम सरोज श्री राम कथा के संयोजक विनय कुमार अग्रवाल सहसंयोजक अधिवक्ता बलराम सिंह सहकारी संघ विकासखंड कौड़िहार श्रृंगवेरपुर धाम के अध्यक्ष कृष्ण चंद्र पांडे अशोक कुमार शर्मा प्रतिमा मिश्रा आदि ने आम जनमानस से बड़ी संख्या में पधार कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील किया है।

## आज आयेंगे आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**सबसे तेज प्रयागराज**

**सोरांव** ।विधान सभा क्षेत्र के बहरिया ब्लाक के अंर्तगत धमौर में शनिवार 27 जुलाई को शाम 4 बजे आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वा लोकसभा नगीना के लोकप्रिय सांसद एडवोकेट चंद्र शेखर आजाद एक जनसभा को संबोधित करने के लिए आयेंगे जहां कार्यकतावी द्वारा जनसभा की सारी तैयारियां कर ली गई उक्त जानकारी सोरांव विधान सभा अध्यक्ष दीना नाथ गौतम वा उपाध्यक्ष अरविंद कुमार द्वारा दी गई है,

## दर्जनों किसानों को मोटे अनाज का नि :शुल्क बीज वितरण किया गय




**मौजी लाल रावत**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर।** उपसंभाग कृषि प्रसार केंद्र फूलपुर में क्षेत्र के दर्जनों किसानों को मोटे अनाज का नि :श्श्क बीज वितरण किया गया इस मौके पर ब्लाक प्रमुख फूलपुर विपेंद् सिंह पटेल ने कहा की भाजपा सरकार किसानों के विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रही है जिसमे किसानों को नि :शुल्क बीज वितरण किसानों को सिंचाई के लिए नहरों से लेकर नलकूपों तक नि :शुल्क व्यवस्था करके किसान हित में बड़ा अच्छा कार्य कर रही है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता नगर पंचायत अध्यक्ष फूलपुर अमरनाथ यादव ने कहा की भाजपा ने किसानों की आय दो गुना करने का जो वादा किया था उस पहल करते हुए सभी किसानों को पी एम किसान सम्मान निधि योजना के तहत सभी किसानों को हर तीसरे माह 2 हजार रुपए की दर से किसानों के खाते में भेज रही है किसानों को नि :शुल्क खद्यान में प्रत्येक माह 5किलो की दर से राशन का वितरण किया जा रहा है अब किसानों को खाद के लिए लंबी कतारों में नही खड़ा होना पड़ता है। उप संभाग कृषि प्रसार अधिकारी फूलपुर के प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने कहा की किसानों के लिए इस संभाग पर काफी छूट पर किसानों को अच्छे किस्म के बीज और कीट नाशक दवाएं उपलब्ध रहती है जिसका किसान अपना रजिस्ट्रेशन करा कर लाभ उठा सकते है मौके पर लगभग 5 दर्जन किसानों को नि :शुल्क सांवा, कोदो,बाजरा,ज्वार,और मक्के के किट बीज वितरित किए गए। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य,सचिन मौर्य, जय कुमार,अजीत पटेल, डी के सिंह,सत्यम तिवारी,राम सिंह पटेल,राज कुमार यादव सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## हण्डिया पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**




**प्रयागराज।** एसीपी हंडिया पंकज लवानिया के निर्देश पर हंडिया कोतवाली पुलिस वारंटी की तलाश में चेकिंग के दौरान एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिखा पड़ी करते हुए जेल भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक हंडिया बृज किशोर गौतम ने बताया कि वांछित वारंटी की तलाश में क्षेत्र में चेकिंग किया जा रहा था इसी बीच मुखबिर की सूचना पर वारण्टी अभियुक्त सुरेन्द्र प्रकाश यादव पुत्र स्व0 ठाकुरदीन निवासी ग्राम सियाडीह थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत उसके निवास ग्राम सियाडीह के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## आंख मूंद कर न कर लें भरोसा आईवीएफ से जुड़ी इन गलतफहमियों पर, जान लें इसके पीछे का सच



ज्यादा उम्र में शादी, अनहेल्दी लाइफस्टाइल, डाइट, बहुत ज्यादा स्ट्रेस जैसी कई सारी चीजें गर्भधारण में बाधा बन रही हैं। इस समस्या से सिर्फ महिलाएं ही नहीं, पुरुष भी जूझ रहे हैं। ऐसे ही लोगों के लिए वरदान साबित हुआ है आईवीएफ ट्रीटमेंट। हर साल 25 जुलाई का दिन World IVF Day के रूप में मनाया जाता है। वैसे तो ये ट्रीटमेंट फायदेमंद है, लेकिन इसे लेकर लोग कई गलतफहमियों का शिकार हैं। आज हम इन्हीं भ्रांतियों के बारे में विस्तार से जानेंगे।

इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) में अंडे को स्पर्म के साथ लैब में मिलाया जाता है। यह तरीका आमतौर पर बांझपन का इलाज करने के लिए इस्तेमाल होता है। सही जानकारी पाना और जागरूक होकर फैसला लेना बहुत जरूरी है। इससे आपको सबसे अच्छा इलाज चुनने में मदद मिलेगी।

**1. मिथक- आईवीएफ सिर्फ महिलाओं के लिए होता है।**

तथ्य- आईवीएफ की मदद से प्रजनन से जुड़ी कई समस्याओं का इलाज किया जा सकता है, चाहे वो पुरुष से जुड़ी हों या फिर महिला से। इसमें ट्यूब की वजह से होने वाला बांझपन और अज्ञात कारणों से होने वाला बांझपन भी शामिल है। यह सिर्फ महिलाओं का इलाज नहीं है। अगर पुरुष को भी प्रजनन की समस्या है, तो आईवीएफ उनकी भी मदद कर सकता है।

**2. मिथक- आईवीएफ से कई बच्चे हो सकते हैं।**

तथ्य- यह एक गलतफहमी है कि आईवीएफ से कई गर्भ ठहर सकते हैं। हालांकि, गर्भधारण को सफल बनाने के लिए कई भ्रूण प्रत्यारोपित किए जा सकते हैं, लेकिन इसका मुख्य उद्देश्य स्वस्थ गर्भधारण कराना है। आईवीएफ तकनीक में हुई हालिया उन्नति और प्रत्यारोपण से पहले जेनेटिक परीक्षण की वजह से कई गर्भ का खतरा कम हो जाता है। आजकल फर्टिलिटी क्लीनिक एक ही भ्रूण को प्रत्यारोपित करने की कोशिश करते हैं। वे सबसे अच्छे भ्रूण का चुनाव करते हैं, जिससे कई गर्भ की संभावना कम हो जाती है और सफलता की दर बढ़ जाती है। प्रत्यारोपित भ्रूणों की संख्या महिला की उम्र और प्रजनन स्वास्थ्य की हिस्ट्री के आधार पर सावधानी से तय की जाती है।

**3. मिथक- आईवीएफ बांझपन के उपचार के लिए सबसे आखिरी सहारा होता है।**

तथ्य- कई लोगों को लगता है कि आईवीएफ सिर्फ उन लोगों के लिए है, जिन्होंने सभी ऑप्शन्स ट्राई कर लिए हैं। असल में, यह दंपति की स्थिति पर निर्भर करता है और आईवीएफ को पहले भी इस्तेमाल किया जा सकता है। फर्टिलिटी एक्सपर्ट से सलाह लेकर सही इलाज की योजना बनाना बहुत जरूरी है।

**4. मिथक- आईवीएफ केवल उम्रदराज महिलाओं के लिए ही होता है।**

तथ्य- यह आम धारणा है कि आईवीएफ सिर्फ उम्रदराज महिलाओं के लिए होता है। हालांकि, महिला की उम्र उसकी प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर सकती है, लेकिन यह एकमात्र कारक नहीं है। युवा दंपतियों में एग्स और स्पर्म की गुणवत्ता की वजह से आईवीएफ के सफल होने की संभावना अधिक होती है। साथ ही, एंडोमेट्रियोसिस या पॉलिसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम जैसी समस्याओं से पीड़ित महिलाओं को भी आईवीएफ से लाभ मिल सकता है। कुछ लोगों के लिए, जिन्होंने अपने कॅरियर या व्यक्तिगत लक्ष्यों पर ध्यान दिया है, आईवीएफ उनकी प्रजनन क्षमता को बढ़ाने में मदद कर सकता है। आईवीएफ कराने का फैसला व्यक्तिगत है और इसे फर्टिलिटी विशेषज्ञ की सलाह से ही लेना चाहिए।

**5. मिथक- आईवीएफ पीड़ादायक और जोखिम भरा होता है।**

तथ्य- प्रजनन के उपचार के लिए आईवीएफ एक सुरक्षित और पूरी तरह से स्थापित प्रक्रिया है। इसे मरीज को बेहोश करके किया जाता है जिससे उन्हें कोई दर्द न हो। पहले, रोजाना हॉर्मोन के इन्जेक्शन की वजह से आईवीएफ में दर्द और असहजता होती थी, लेकिन अब दवाओं में प्रगति होने से यह प्रक्रिया कम दर्दनाक और अधिक आरामदायक हो गई है। अब इन्जेक्शन नसों में नहीं, बल्कि त्वचा के ऊपर लगाए जाते हैं, जिससे दर्द बहुत कम होता है।

**6. मिथक- आईवीएफ की वजह से बच्चे में विकार आ जाता है।**

तथ्य- एक मिथक है कि आईवीएफ से पैदा होने वाले बच्चे असामान्य होते हैं और उनमें जन्मजात विकार होते हैं। हालांकि, सच्चाई यह है कि आईवीएफ से पैदा होने वाले बच्चे प्राकृतिक रूप से पैदा होने वाले बच्चों की ही तरह स्वस्थ होते हैं। असल में, जोखिम प्रजनन समस्याओं की वजह से होता है, न कि आईवीएफ प्रक्रिया की वजह से। आईवीएफ में लैब में अंडे को स्पर्म से मिलाया जाता है, जो गर्भधारण में मुश्किलों का सामना कर रहे लोगों के लिए एक सामान्य और मददगार तकनीक है।

**7. मिथक- आईवीएफ हमेशा ही सफलता की गारंटी होता है**

तथ्य- आईवीएफ में सफलता की दर कई चीजों पर निर्भर करती है, जैसे महिला की उम्र, बांझपन का कारण, प्रत्यारोपित किए गए भ्रूण की संख्या और भ्रूण की गुणवत्ता। आईवीएफ कई लोगों के लिए उम्मीद की किरण है, लेकिन सफलता की संभावना बढ़ाने के लिए और भी कई प्रक्रियाएं करना जरूरी हो सकता है, खासकर अधिक उम्र की महिलाओं के लिए।

# रजिया सुल्तान से राबड़ी देवी तक एक जैसी कहानी

### इस देश में एक महिला प्रधानमंत्री हो चुकी हैं, अभी एक महिला राष्ट्रपति हैं, इससे पहले भी एक महिला राष्ट्रपति हो चुकी हैं



इस देश में एक महिला प्रधानमंत्री हो चुकी हैं, अभी एक महिला राष्ट्रपति हैं, इससे पहले भी एक महिला राष्ट्रपति हो चुकी हैं। अंतरिक्ष से लेकर सेना, पुलिस, चिकित्सा, न्याय क्षेत्र, पत्रकारिता, उद्योग हर जगह महिलाएं अपनी काबिलियत का लोहा मनवाती रही हैं। लेकिन इस बात का हवाला देकर यह कहना कि देश में महिला सशक्तिकरण हो रहा है और महिलाओं को अब बराबरी का दर्जा मिलने लगा है, खुद को छलावे में रखने से अधिक और कुछ नहीं है।

अरे महिला हो, कुछ जानती नहीं हो%, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भरे सदन में राजद विधायक रेखा देवी के लिए ऐसा कहा। इससे पहले कल नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के सांसद ललन सिंह ने राबड़ी देवी के बारे में कहा कि उन्हें हस्ताक्षर करना तो ढंग से आता नहीं, वो बजट क्या समझेंगी।

दिल्ली सल्तनत पर 1236 से 1240 के बीच शासन करने वाली रजिया सुल्तान के लिए कहा जाता था कि उनमें सारी खूबियां थीं, सिवाए एक के, कि वह महिला थी। हिंदुस्तान 1236 से 2024 में आ गया, लेकिन महिलाओं के लिए हिकारत भरी सोच अब भी वैसी ही है। क्या फर्क पड़ता है कि इस देश में एक महिला प्रधानमंत्री हो चुकी हैं, अभी एक महिला राष्ट्रपति हैं, इससे पहले भी एक महिला राष्ट्रपति हो चुकी हैं। अंतरिक्ष से लेकर सेना, पुलिस, चिकित्सा, न्याय क्षेत्र, पत्रकारिता, उद्योग हर जगह महिलाएं अपनी काबिलियत का लोहा मनवाती रही हैं।

लेकिन इस बात का हवाला देकर यह कहना कि देश में महिला सशक्तिकरण हो रहा है और महिलाओं को अब बराबरी का दर्जा मिलने लगा है, खुद को छलावे में रखने से अधिक और कुछ नहीं है। अगर महिलाएं अपने लिए बनाए दायरों से निकल कर बाहर आ रही हैं और उनके लिए असंभव, अछूते समझे जाने वाले क्षेत्रों में भी काम कर रही हैं, तो इसके पीछे या तो उनकी कोई मजबूरी होती है या परिवार का अभूतपूर्व सहयोग और प्रगतिशील सोच का असर होता है। इसका अर्थ ये बिल्कुल नहीं है कि देश में महिलाओं के लिए सोच बदल चुकी है। मानसिकता में अब भी लैंगिक भेदभाव कूट-कूट कर भरा हुआ है, जिसके उदाहरण उपरोक्त बयानों से समझे जा सकते हैं।देश की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने सात बार बजट पेश करके रिकार्ड बना लिया है। उनके बजट का सटीक और तार्किक विश्लेषण करने वालों में कई महिलाएं भी शामिल होंगी, जिन्हें अर्थशास्त्र की गहरी समझ होगी। लेकिन क्या इसका यह अर्थ है कि राबड़ी देवी को इस बारे में बोलने का कोई हक नहीं है, क्योंकि ललन सिंह के हिसाब से उन्हें हस्ताक्षर करने ठीक से नहीं आते तो वे बजट पर भी नहीं बोल सकती। क्या ललन सिंह नरेन्द्र मोदी के बारे में भी ऐसी ही बात कह सकते हैं, क्योंकि श्री मोदी हस्ताक्षर अच्छे से कर लें, लेकिन अर्थशास्त्र के ज्ञाता तो वे नहीं हैं। उनकी डिग्री भी एंटायर पॉलिटिकल साइंस की है, अर्थशास्त्र की नहीं है। फिर भी वे शिक्षकों से लेकर वैज्ञानिकों, बुनकरों से लेकर उद्योगपतियों सबको समझाइश देते रहते हैं। राबड़ी देवी को और देश के तमाम नागरिकों को बजट पर बोलने का उतना ही हक है जितना ललन सिंह या नरेन्द्र मोदी को है। क्योंकि बजट देश के आम नागरिकों के लिए बनता है और उनके ही धन से बनता है, इसलिए अपने विचार रखने का अधिकार भी है। ललन सिंह को अगर राबड़ी देवी के विचारों को खारिज करना ही था तो अपने तर्क सामने रखते। लेकिन उनका पौरुषवादी अहंकार यहां आड़े आ गया कि एक महिला, जो उनके हिसाब से पर्याप्त शिक्षित भी नहीं है और ऊपर से पूर्व मुख्यमंत्री, चार बार की विधायक और विधानपरिषद की सदस्य हैं, वो कैसे बजट पर अपनी राय दे सकती हैं।कुछ ऐसी ही तकलीफ नीतीश कुमार को भी हो गई, जब राजद विधायक रेखा देवी को उन्होंने केवल इसलिए चुप कराना चाहा, क्योंकि वे एक महिला हैं। जाति जनगणना के मुद्दे पर रेखा देवी अपनी बात रख रही थीं और नीतीश कुमार को बोलने नहीं दे रही थीं, तो गुस्से में आकर नीतीश कुमार ने कहा कि बोल रही हो, फालतू बात। इन लोगों ने किसी महिला को आगे बढ़ाया है क्या? पांचवीं के बाद मैंने महिलाओं को पढ़ाया है। इसलिए कह रहे हैं, चुपचाप सुनो। लेकिन नीतीश कुमार इस बात को भूल गए कि रेखा देवी को मसौढ़ी की जनता ने विधानसभा में इसलिए नहीं भेजा कि वो चुपचाप सरकार की बात सुनती रहें, बल्कि जनता की ओर से आवाज उठाएं इसलिए भेजा है। नीतीश कुमार यहां महिला होने के नाम पर रेखा देवी को चुप कराने लगे और ये भूल गए कि वे खुद जनता की आवाज दबा रहे हैं।

अगर जदयू अभी इंडिया गठबंधन का साथी होता तो राष्ट्रीय महिला आयोग के स्वतः संज्ञान लिए नोटिस नीतीश कुमार और ललन सिंह को पहुंच जाते। लेकिन जदयू के कारण भाजपा की सरकार सत्ता में बनी हुई है, तो एक तरह से जदयू को भी महिलाओं के अपमान की खुली छूट मिल ही गई है। याद कीजिए कि खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वाणी और विचार महिलाओं के लिए किस तरह के रहे हैं। राहुल गांधी ने इंडिया गठबंधन की मुंबई की रैली में शक्ति शब्द का जिक्र भाजपा को घेरने के लिए किया तो नरेन्द्र मोदी ने इसे मातृ शक्ति से जोड़ कर कहा कि मैं आखिरी सांस तक शक्ति के सम्मान के लिए लड़ूंगा। लेकिन इसी चुनाव में मंगलसूत्र बेचने से लेकर विपक्षी दलों के मुजरा करने की बात कहकर उन्होंने साबित कर दिया कि उनकी नजर में महिलाओं का ओहदा क्या है। सोनिया गांधी के लिए श्री मोदी कांग्रेस की विधवा और सुनंदा पुष्कर के लिए पचास लाख की गर्लफ्रेंड जैसी ओछी टिप्पणी कर ही चुके हैं। प.बंगाल जाकर संदेशखोली की महिलाओं के दर्द का जिक्र करने वाले नरेन्द्र मोदी आज तक मणिपुर नहीं गए, न ही वहां की पीड़ित महिलाओं की कोई सुध उन्होंने ली। महिला पहलवानों को भी उन्होंने उनके हाल पर छोड़ दिया है कि वे अपने इंसाफ की लड़ाई खुद लड़ें।दरअसल नरेन्द्र मोदी, नीतीश कुमार, ललन सिंह ये केवल चेहरा और नाम हैं, इनके बयानों और विचारों में समाज की असलियत का प्रतिबिंब दिखाई दे रहा है। जिसमें ऊपरी तौर पर बात महिला बराबरी और सम्मान की होती है, लेकिन भीतर ही भीतर एक सड़ी-गली सोच पसरी हुई है, जिसमें महिला को किसी भी हद तक जाकर प्रताड़ित किया जा सकता है। फिर चाहे वह सरेआम निर्वस्त्र कर के जुलूस निकालना हो या जिंदा गाड़ना हो।

सलीम-अनारकली की काल्पनिक कहानी में यह बताया गया है कि शहंशाह अकबर ने हुकूमत की खातिर अनारकली को दीवार में जिंदा चुनवा दिया। फिल्म मुगले आजम में इसका प्रभावशाली चित्रण है, फिल्म में दिखाया गया है कि दीवार के दूसरी ओर से अनारकली को निकाल लिया जाता है, यानी यहां अकबर का उदार रूप दिखा दिया गया। फिल्म है, तो उसमें कल्पनाओं का खेल किया जा सकता है। लेकिन मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव अपने शासन में दो महिलाओं को जिंदा दफनाने की कोशिश पर क्या कहेंगे, किस तरह अपना उदारवादी चेहरा, लाड़ली बहनों के काबिल भाई का चेहरा प्रस्तुत कर पाएंगे।

रीवा जिले में ममता और आशा पांडेय नाम की दो महिलाओं को जमीन विवाद के कारण दबंगों ने जमीन में जिंदा दफना ही दिया था, क्योंकि इन दोनों देवरानी-जेठानी ने उनकी जमीन से होकर गुजरने वाली सड़क का विरोध किया। घर में कोई पुरुष मौजूद नहीं था और इन दोनों ने विरोध करने का साहस दिखाया तो पुरुषों ने भी अपनी ताकत दोनों को जमीन में गाड़ने में दिखा दी। इस घटना का वीडियो बना और वायरल हुआ तो उन दोनों की जान बचाई गई और अभी उनका इलाज चल रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के शासन में आदिवासी के सिर पर पेशाब करने का शर्मनाक कृत्य सामने आया था तो अपनी छवि बचाने के लिए शिवराज सिंह चौहान ने उस आदिवासी को घर बुलाकर उसके पैर धोए। अब मोहन यादव की बारी छवि बचाने की है। क्या इस रक्षा बंधन पर इन दोनों महिलाओं से मुख्यमंत्री राखी बंधवाएंगे और उन्हें रक्षा का वचन देंगे, ये देखना होगा।

## संपादकीय

## राजनैतिक हथियार बनता केन्द्रीय बजट

बुधवार को लोकसभा में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2024-25 का बजट जहां एक ओर देश के मुठ्ठी भर लोगों को खुशी और ज्यादातर वर्गों के लिये निराशा लेकर आया है, वैसे ही गिनती के राज्यों को खुश करने वाला जबकि अधिकतर को नाखुश करने वाला साबित हुआ है। सरकार बनाने में मददगार रहे दो राज्यों- बिहार और आंध्रप्रदेश की झोलियों को जिस तरह से केन्द्र सरकार ने भरा है, उससे अनेक राज्यों का मायूस होना स्वाभाविक है। इस बजट में जिस प्रकार से सरकार ने भेदभाव बरता है उससे राज्यों में फूट पड़ने की आशंका है; और उसका सबसे बुरा पहलू यह है कि वह देश की संघीय व्यवस्था पर गहरी चोट है। पिछले 10 वर्षों से देश पर शासन कर रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके मुख्य सिपहसालार केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने अनेक कृत्यों से जिस तरह भारत के संघीय ढांचे की नींव को हिलाकर रख दिया है, उसी श्रृंखला की एक कड़ी के रूप में इस बजट को देखा जाना चाहिये। इसका सबसे खतरनाक पहलू यह है कि यदि बजट का इस्तेमाल कर राज्यों का राजनैतिक समर्थन जुटाने की परम्परा चल पड़ी तो केन्द्रीय राजस्व का बंटवारा अलग-अलग राज्यों की ज़रूरतों के आधार पर नहीं बल्कि सियासी उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये किया जाने लगेगा। यह व्यवस्था वंचित रह गये राज्यों में असंतोष को जन्म देगा। उल्लेखनीय है कि आंध्रप्रदेश की तेलुगु देसम पार्टी (टीडीपी) के 16 और बिहार की जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के 12 सांसदों (लोकसभा सदस्य) के बल पर मोदी सरकार टिकी हुई है। पहले से ही अंदेशा था कि अपने समर्थन के एवज में इन दोनों ही पार्टियों के नेता, क्रमशः चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार (अपने-अपने राज्यों के मुख्यमंत्री) केंद्र की बाहें मरोड़कर कीमत वसूल करेंगे। इन दोनों नेताओं की अपने-अपने प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा दिये जाने की मांग रही है। मांग तो ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की भी थी लेकिन वहां अब भारतीय जनता पार्टी की ही सरकार बन गयी है इसलिये वह मसला कम से कम वहां तो खत्म हो गया है। इस बजट में टीडीपी और जेडीयू के प्रति केन्द्र का खास अनुराग झलका है। चंद्रबाबू नायडू ने जिस विशेष राज्य का दर्जा न मिलने के कारण 2018 में भाजपा का साथ छोड़कर नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस को टा-टा कर दिया था, इस वर्ष हुए लोकसभा चुनाव में फिर से उसका दामन थामा था। तभी से नायडू की मांग थी कि आंध्रप्रदेश से अलग होकर तेलंगाना राज्य के बन जाने से उन्हें अपनी राजधानी बनाने की ज़रूरत है। इसके लिये 15000 करोड़ रुपये उन्हें दिये गये। उनका खुश होना स्वाभाविक है।

दूसरी खुशी नीतीश बाबू को मिली है। चुनाव के ऐन पहले विपक्षी गठबन्धन इंडिया को छोड़कर एनडीए में 17 महीने बाद वापसी करने वाले नीतीश कुमार को भी पुरस्कार मिला है- 59 हजार करोड़ रुपए का। इसका बड़ा हिस्सा बिहार में आने वाली बाढ़ पर नियंत्रण करने सम्बन्धी उपायों पर खर्च होंगे। हालांकि इसकी हवा समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव (सांसद) ने यह कहकर निकाल दी है कि जब तक नेपाल और उप्र से बिहार को जाने वाली नदियों की बाढ़ को नियंत्रित नहीं किया जाता, तब तक बिहार की नदियों की बाढ़ को नियंत्रित कर पाना असम्भव है। जिस तरह से चंद्रबाबू अब विशेष राज्य का दर्जा या विशेष पैकेज की बात भूल गये हैं, वैसे ही नीतीश कुमार भी इससे इतने गदगद हैं कि वे पत्रकारों से कह रहे हैं

कि, %वे तो पहले से कह रहे थे कि उन्हें या तो विशेष राज्य का दर्जा मिले या विशेष पैकेज।केन्द्र ने यह राशि तो दे ही दी है।% हालांकि वे भूल रहे हैं कि इससे बड़ी राशि का ऐलान तो मोदी राज्य की अपनी प्रचार सभाओं में करते रहे थे। बहरहाल, यह भी सच है कि यह राशि राज्य द्वारा केन्द्र की देखरेख और निर्देश पर ही खर्च करनी होगी। जो भी हो, यह आवंटन नीतीश को अपना चेहरा छिपाने और इंडिया छोड़कर एनडीए में शामिल होने के फैसले को सही ठहराने के लिये काफी है।

केन्द्रीय बजट एक साझा सम्पत्ति होती है जिसके जरिये पूंजी का वितरण भेदभाव से रहित होना चाहिये। उसका पैमाना इस आधार पर नहीं होना चाहिये कि कौन से राज्यों में अपनी पार्टी की सरकार है या सहयोगी दलों की है या फिर विरोधी दलों की है अथवा किससे समर्थन मिलेगा या किससे नहीं मिलेगा। सेन्ट्रल पूल का पैसा अलग-अलग राज्यों से आता है और वह पूरे देश के सम्मिलित पुरुषार्थ का परिणाम होता है। राज्यों की ज़रूरतों के आधार पर वह राज्यों को दिया जाता है। इस पक्षपात से न केवल विरोधी पार्टी की सरकारों वाले प्रदेशों में असंतोष फैलेगा बल्कि केन्द्र के साथ उनकी एकजुटता में भी कमी आयेगी। यह देश की एकता के लिये घातक होगा। इस भेदभावपूर्ण बजट की पहली प्रतिक्रियास्वरूप यह सामने आया है कि 27 जुलाई को आयोजित नीति आयोग की बैठक का चार राज्यों ने बहिष्कार करने का ऐलान कर दिया है।तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन, तेलंगाना के. रेवंत रेड्डी, कर्नाटक के सिद्धारमैया और हिमाचल प्रदेश के सुखविंदर सिंह सुक्खू बैठक में नहीं जायेंगे।

# ऑनलाइन स्टडी के चलते घबराहट और तनाव के शिकार होते बच्चे

यदि अध्ययन कर्ताओं की मानें तो कोविड 19 अर्थात् कोरोना के बाद हालात तेजी से विकट हुए हैं। खासतौर से पैसों वालों व बुजुर्गों की बीमारी से बच्चें प्रभावित होने लगे हैं। बैचेनी, घबराहट, हाथों में कंपन, नींद ना आना, चिडचिडापन, तनावग्रस्त, कुंठा आदि लक्षण दिखने लगते हैं।

देखा जाए तो कोरोना के बाद से बच्चों में डिप्रेशन और एंजाइटी का रोग तेजी से बढ़ता जा रहा है। कोरोना की दहशत के हालात, लॉकडाउन, वर्क फ्राम होम और बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई के साइड इफेक्ट सामने आने लगे हैं। ऑनलाइन स्टडी के चलते बच्चें मोबाइल के अधिकांश इस तरह के ऐप्स से रुबरु होने लगे जो बालपन को कहीं ना कहीं सीधे सीधे प्रभावित करने लगा। एक और जहां चाहे-अनचाहे आनलाइन गेमों की बच्चों में लत लगी वहीं सोशियल मीडिया साइट्स भी बच्चों में लत के रुप में लगने के साथ ही बच्चों के दिलों दिमाग पर नकारात्मक प्रभाव ड़ालने में सफल रही है। देखा जाए तो खेल खेल में बच्चें ना चाहते हुए भी तनाव और एंजाइटी के दौर में प्रवेश कर गए हैं। बदलती जीवनशैली और सामाजिक आर्थिक सिनेरियों में सर्दी जुकाम की तरह एंजायटी यानी कि घबराहट और डिप्रेशन यानी कि अवसाद आज के बच्चों में आम होता जा रहा है। जानी मानी साइक्रेटि्र्क मैगजीन जामा साइक्रेट्री में हालिया प्रकाशित एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। मनोवैज्ञानिकों ने अध्ययन के दौरान 11 से 15 साल के बच्चों के बीच अध्ययन किया और खासतौर से यह समझने की कोशिश की गई कि जिस तरह से सर्दी जुकाम संक्रामक बीमारी है और एक से दूसरे में फैल जाती है उसी तरह से एंजायटी या डिप्रेशन भी एक बच्चे से दूसरे बच्चे को प्रभावित कर सकता है क्या? अध्ययन में पाया गया कि घबराहट या एंजाइट प्रभावित बच्चें के लक्षण साथ वाले बच्चें में भी विकसित होने के देखे गए हैं। यह अध्ययन भी एक दो नहीं बल्कि सात लाख बच्चों में किया गया है। चिंता की बात यह है कि सर्दी जुकाम संक्रामक रहा है व संपर्क में आने वालों को गिरफ्त में लेने की प्रबल संभावनाएं रहती है, लगभग यही हालात एंजाइटी और डिप्रेशन को लेकर देखी जाने लगी है। हालात की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि फिनलैंड विश्वविद्यालय के शोधार्थियों के अध्ययन में यह साफ हुआ है कि छह में से एक व्यक्ति बैचेनी यानी कि एंजायटी से प्रभावित रहने लगा है। कोरोना के बाद इस तरह के मरीजों की संख्या में 60 फीसदी तक की बढ़ोतरी देखी जा रही है। यदि अध्ययन कर्ताओं की मानें तो कोविड 19 अर्थात् कोरोना के बाद हालात तेजी से विकट हुए हैं। खासतौर से पैसों वालों व बुजुर्गों की बीमारी से बच्चें प्रभावित होने लगे हैं। बैचेनी, घबराहट, हाथों में कंपन,




नींद ना आना, चिडचिडापन, तनावग्रस्त, कुंठा आदि लक्षण दिखने लगते हैं। इससे बच्चों में नकारात्मकता भी आती जा रही है। अधिक चिंता की बात यह है कि यह बीमारी बच्चों में संक्रामक रोग की तरह फैलती जा रही है। कोराना के लॉकडाउन के साथ ही पेरेंट्स की अंधी प्रतिस्पर्धा और अधिक से अधिक पाने की लालसा, बच्चों के बीच परस्पर सहयोग, समन्वय, मित्रता, सहभागिता के स्थान पर संवेदनहीनता और गलाकाट प्रतिस्पर्धा के परिणाम सामने आने लगे हैं। बच्चों में कुंठा तो आम होती जा रही है। रही सही कसर सोशियल मीडिया ने पूरी कर दी है। सोशियल मीडिया जो परस्पर संवाद का माध्यम बन सकता है चह तनाव का प्रमुख कारण बनता जा रहा है। लाइक अनलाइक और कमेंट्स बालमन को नकारात्मक रुप से प्रभावित करता जा रहा है। ऑनलाइन अध्ययन के चलते बच्चों में मोबाइल का शोक लग गया है और उसका नकारात्मक असर वीडियो गेम्स के रुप में देखा जा सकता है जो बच्चों को गेम के चक्कर में डिप्रेशन में जाते हुए देखा जा सकता है। गेम्स बच्चों में तनाव का कारण बनते जा रहे हैं। ओटीटी प्लेटफार्म भी अपना असर दिखाता जा रहा है। रील्स का तो कहना ही क्या? लगता है बच्चों के बालमन को नकारात्मक रुप से प्रभावित करने वाले सभी कारक सामने आते जा रहे हैं। शिक्षण संस्था हो या परिवार खासतौर से एकल परिवार के हालात हालात और भी गंभीर करते जा रहे हैं। हालात यहां तक होते जा रहे हैं कि बच्चें आक्रामक होते जा रहे हैं। बात बात पर झगड़ना या इस तरह का रिएक्शन की सामने वाला कोई भी हो लिहाज तो कहीं देखने को ही नहीं दिखता। मानों बालपन तो कहीं दिखाई नहीं देने लगा है।समाज विज्ञानियों के सामने यह गंभीर समस्या दस्तक दे रही है। हालात बद से बदतर हो उससे पहले ही समस्या की गंभीरता को समझना होगा। दादा-दादी और नाना-नानी कहीं पीछे छूट रहे हैं, पेरेंट्स अवकाश भी परिवार के साथ बिताने के स्थान पर कहीं घूमने जाना पसंद करने लगे हैं जिससे परिवार और परिवार से मिलने वाले संस्कार खोते जा रहे हैं। एकल परिवार और एक ही बच्चें के कारण कई पारिवारीक संबंध तो इतिहास की बात बन जाएं तो कोई असंभाव्यता नहीं होगी। हालात दिन प्रतिदिन बदतर होते जा रहे हैं और इसके परिणाम आए दिन सामने आते जा रहे हैं। अत्यधिक तनाव के कारण बच्चों को आत्महत्या जैसे कदम उठाते देखा जा रहा है। वहीं बदले की भावना, बात बात में गुस्सैल होना, तुनक मिजाजी आदि तो बस पूछो ही मत। अत्यधिक महत्वाकांक्षा भी तनाव का कारण बनती जा रही है। फिर दूसरे के बच्चों की उन्नति से अपने बच्चें को प्रेरित करने के स्थान पर इस तरह का रिएक्शन देना कि बच्चा प्रोत्साहित होने के स्थान पर निरुत्साहित होने लगे हैं। ऐसे में समाज विज्ञानियों और मनोविज्ञानियों के सामने अधिक चुनौती पूर्ण समय आ गया है। समय रहते इसका समाधान खोजना ही होगा नहीं तो दुनिया के देशों में जिस तरह से बच्चों को छोटी उम्र में ही हिंसक होते देखा जा रहा है उसमें कमी होने के स्थान पर गंभीरता पूर्वक हालात बदतर ही होंगे। इसका समाधान खोजना होगा नहीं तो आने वाली पीढ़ी किसी भी हालत में हमें माफ नहीं करेगी।

दरअसल यह समस्या इसलिए और अधिक गंभीर हो जाती है कि संक्रामक रोग की तरह इसके असर देखे जा रहे हैं। कहते हैं ना कि संगत का असर पड़ता है तो यह सीधे सीधे साथ वाले बच्चों को प्रभावित करने लगा है। लाख प्रयासों के बावजूद बच्चों का बालसुलभ मन कहीं खोता जा रहा है। यह समाज के लिए बडी चुनौती है और इसका समाधान घर से ही खोजना होगा।

## इन्टरनेशनल एडवोकेट काउन्सिल के संस्थापक सदस्यो द्वारा जारी किया गया निर्णायक सूचना

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज** । गुरुवार को आई ए सी के संस्थापक सदस्य लक्ष्मण प्रसाद ओझा द्वारा एक आपात बैठक आहूत की गई जिसमें इन्टरनेशनल एडवोकेट काउन्सिल के परिचर्चा के विषयक निम्नलिखित अन्य 9 बिंदुओं पर चर्चा हुई ।

1. यह कि कुछ दिनों से माननीय संस्थापक सद्स्य एम. पी. श्रीवास्तव के मोबाइल संख्या 9415895489 द्वारा आई,ए,सी के स्टेट एक्सक्यूटिव ग्रुप में एक टेक्स्ट मैसेज के रुप में आई,ए,सी के चुनाव की समय सारिणी सहित अन्य निर्देश जारी किए जा रहे है जो कि पूर्ण रूप से भ्रामक है। आई,ए,सी द्वारा ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया गया है और न ही श्रीवास्तव को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
2. यदि संस्थापक सदस्य एम,पी, श्रीवास्तव कोई अधिकार प्रदान किया गया तो इसकी कोई लिखित सूचना अथवा परिषदादेश आई,ए,सी के लेटर हेड से क्यों जारी नहीं किया गया?
3. यदि संस्थापक सदस्य एम ,पी,श्रीवास्तव कोई अधिकार आकस्मिक प्रदान किया गया तो श्रीवास्तव ने चुनावी घोषणा आई,ए ,सी के लेटर हेड से न करते हुऐ बजरिए व्हाट्सएप टेक्स्ट के रुप में की! क्या ऐसा अनुमन्य है?
4. यह कि श्रीवास्तव द्वारा जारी वोटर लिस्ट में सभी सामान्य सदस्यों का शुल्क एव विवरण की प्रामाणिकता आई,ए,सी पटल अथवा वेबसाइट पर कही दर्ज.है?
5. आई,ए,सी एक पंजीकृत परिषद हैं जिसकी कोई भी सूचना एव संरचना का माध्यम लिखित/ प्रामाणिक रूप में होनी चाहिए न कि व्हाट्सएप चैटिंग माध्यम में।
6. जब तक राष्ट्रीय कार्यकारणी का कोई गठन नहीं किया जाता तब तक राजकीय कार्यकारिणी के गठन का कोई औचित्य वैधानिक नही है।
7. वर्तमान में आई,ए,सी संस्थापक सदस्य व्हाट्सएप ग्रुप एव स्थानीय थाना ग्रुप के अलावा अन्य कोई ऐसा ग्रुप जिसमें सभी संस्थापक सदस्यगण ग्रुप एडमिन न हों! उक्त ग्रुप से दिया गया निर्देश अथवा सुचना प्रमाणिक नही मानी जाएगी।
8. जब तक किसी भी प्रकार का कोई निर्णय आई,ए,सी के लेटर हेड से जारी न किया जाए तक सूचनार्थ टेक्स्ट अथवा पी,डी,एफ मैसेज ( सूचना) भ्रामक और अनैतिक आचरण में की गई कायार्ही मानी जाएगी।
9. परिषद् के संस्थापक सदस्य/ सद्स्य से अपेक्षा की जाती हैं बहुमत में परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारणी हेतु अपने मत व्यक्त करते हुऐ अथोचित कार्यवही हेतु बैठक आहूत करने की कृपा करे।

बैठक में उपस्थित सद्स्य- वि के उपाध्याय, लक्ष्मण प्रसाद ओझा , प्रवीण सिंह विशेन
कश. नवीन यादव ( इलेक्ट्रानिक माध्यम से) सम्मलित हुए। आई,ए,सी के सदस्यो व्दारा चेतावनी दी गई है कि यदि कोई सदस्य उक्त भ्रामक चुनाव में प्रतिभाग करता है तो उस सदस्य के खिलाफ मीटिंग आहूत कर प्रस्ताव पारित कर विधिक कार्रवाई की जाएगी एवं यदि कोई सदस्य चुनाव हेतु आई,ए,सी के खाते मे पैसा जमा करता है तो वह पैसा वापस नही होगा ।

## 60 ग्राम अवैध मारफीन बरामद, एक अभियुक्त धराया




**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी** । पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर जैदपुर पुलिस क्षेत्र में अवैध मार्फीन की सप्लाई करने वाले एक आरोपी को शुक्रवार गिरफ्तार कर मार्फिन बरामद करते हुए लिखा पड़ी कर जेल भेज दिया। थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा शुक्रवार को अभियुक्त जियाजुल उर्फ इजाजुल पुत्र अब्दुल जब्बार निवासी ग्राम दादरा थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 60 ग्राम अवैध मारफीन बरामद किया गया।

# प्रयागराज जंक्शन एवं छिवकी स्टेशनों पर चलाया गया मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** मंडल रेल प्रबन्धक/प्रयागराज हिमांशु बडोनी के नेतृत्व में रेल यात्रियों को सुरक्षित, सुखद और आरामदायक यात्रा के साथ बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए प्रयागराज मंडल में अवैध वेंडरों, गंदगी फैलाने वालों, टिकट रहित और अनियमित यात्रा पर अंकुश लगाने के लिए स्टेशनों व गाड़ियों में विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलता रहता है । गुरुवार को प्रयागराज जंक्शन एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशनों पर मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान चलाया गया ।

इस जांच अभियान में टिकट चेकिंग स्टाफ, रेलवे सुरक्षा बल व राजकीय रेलवे पुलिस मिलकर कार्य करते हुये अवैध वेंडरों, गंदगी फैलाने वालों, धूम्रपान, अनबुक्ड लगेज, टिकट रहित एवं अनियमित यात्रा करने वालों पर जुमार्ना लगाया गया। इस जाँच अभियान में 10 गाड़ियों सहित स्टेशनों की सघन जांच की गयी ।

इस अभियान में कुल 53 यात्रियों को प्रभारित कर 25650/- रूपए जुमार्ना वसूल किया गया` इसमें 30 बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों को प्रभारित कर 11610/- रूपए, 04 अनियमित यात्रा करने वाले यात्रियों को प्रभारित कर 1500/- रुपए, 13 गंदगी फैलाने वाले यात्रियों को प्रभारित कर 1700/- रूपए एवं 06 बिना बुक सामान के यात्रियों से 10840/- रूपए का जुमार्ना वसूल किया गया।

### प्रयागराज जंक्शन एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशनों पर किलेबंदी कर चेकिंग की गयी

गुरुवार को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक/प्रयागराज हिमांशु शुक्ला के निदेर्शानुसार सहायक मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, दिनेश कुमार के नेतृत्व में प्रयागराज जंक्शन एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर अवैध वेंडरों, गंदगी फैलाने वालों, टिकट रहित एवं अनियमित यात्रा के विरुद्ध चलाये गए अभियान में मण्डल मुख्य टिकिट निरीक्षक/रेड, दिवाकर शुक्ला ने रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेलवे पुलिस के साथ स्टेशन एवं गाड़ियों की सघन जांच की । इस अभियान में कुल 284 यात्रियों को प्रभारित कर 1,47,430/- रूपए जुमार्ना वसूल किया गया` इसमें 166 बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों को प्रभारित कर 105680/- रूपए, 104 अनियमित यात्रा करने वाले यात्रियों को प्रभारित कर 40350/- रुपए एवं 14 गंदगी फैलाने वाले यात्रियों को प्रभारित कर 1400/- रूपए का जुमार्ना वसूल किया गया` इस चेकिंग अभियान में 7 वैध वेंडरों को पकड़कर अग्रिम कार्यवाही के लिए रेलवे सुरक्षा बल को सौंप दिया गया। उत्तर मध्य रेलवे अपने सभी सम्मानित रेल यात्रियों से अपील करता है कि असुविधा से बचने और सम्मान के साथ यात्रा करने के लिए उचित और वैध रेलवे टिकट के साथ यात्रा करें ।

# विषम भौगोलिक परिस्थितियों में भी भारतीय सेना ने कारगिल पर विजय पायी: लक्ष्मी नारायण

## सी.बी.सी. द्वारा नवाबगंज महाविद्यालय में धूमधाम से मनायी गयी कारगिल विजय की रजत जयंती। कारगिल विजय दिवस-रजत जयंती पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के 20 विजेताओं ने जीते पुरस्कार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज** । सूचना एवं प्रसारण प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो प्रयागराज द्वारा आज कारगिल विजय के अवसर पर रामदुलारी बच्चू लाल जायसवाल महाविद्यालय नवाबगंज के सहयोग से कालेज परिसर से 17 यूपी बटालियन एनसीसी कैडेट द्वारा सोनू केसरवानी एनसीसी प्रभारी के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाल कर किया गया। इस अवसर पर कारगिल विजय दिवस पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण, प्रश्नोत्तरी ,लोकगीत, देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सोलह यूपी एनसीसी बटालियन के कैडेट एवं सिक्स गर्ल्स यूपी बटालियन के कैडेट तथा आर.डी.कान्वेंट इण्टर कॉलेज की छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ कर प्रतिभाग किया।




कार्यक्रम के दूसरे सत्र की विधिवत शुरूआत मुख्य अतिथि जयसवाल ग्रुप आफ एजुकेशन के प्रबंधक लक्ष्मी नारायण जायसवाल, विशिष्ट अतिथि यातायात निरीक्षक पवन पांडेय, प्रधानाचार्य अमर सिंह, ब्यूरो के कार्यक्रम प्रभारी राम मूरत विश्वकर्मा व क्षे.प्र.स. बालमुकुंद सिंह ने दीप प्रज्वलित एवं वीर शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर-के किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रबन्धक लक्ष्मी नारायण जायसवाल ने बताया कि आज का दिन उस गौरव के पल को स्मरण करने का दिन है जब देश के वीर सपूतों ने आपरेशन विजय को सफलतापूर्वक अंजाम देकर घुसपैठियों को मार भगाया था। उन्होंने कहा कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों में भी भारतीय सेना ने कारगिल पर विजय पायी। इस युद्ध में अपने देश के बहुत से जवान शहीद हुए हम उन शहीदों को नमन करते हैं। यातायात निरीक्षक पवन पांडेय ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के समय देशभक्ति का भाव देश को आजाद कराने का रहा। आजादी के बाद देशभक्ति के भाव में देश की एकता अखंडता, सामाजिक आर्थिक, शैक्षिक विकास, स्वास्थ्य समरसता, भाई चारा और आपसी सौहार्द की भावना की वृद्धि हुई है।

कर्यक्रम के आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम प्रभारी राम मूरत ने कहा कि कारगिल विजय दिवस 2024 को आज पाकिस्तान पर भारतीय विजय की रजत जयंती के रूप में देश भर में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के कुल 20 विजेताओं को अतिथियों द्वारा ब्यूरो की ओर से पुरस्कार व प्रमाण देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ब्यूरो की ओर से बालमुकुंद सिंह ने अतिथियों को स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान पंजीकृत दल राकेश कुमार और साथी द्वारा कारगिल युद्ध के बारे में लोकगीत के माध्यम से संदेशयुक्त जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का संचालन ब्यूरो के राम मूरत ने तथा कार्यक्रम के औपचारिक समापन की घोषणा प्रधानाचार्य अमर सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान द्वारिका प्रसाद, हरीलाल उमेश चंद द्विवेदी, आनंद पांडे, सोनू केसरवानी, सुमन पटेल, सपना साहू, लेफ्टिनेंट प्रतिमा कुमारी, स्वदेश पटेल, राजेश, हरिशंकर, अमित? पंकज सुनीता, समीरा, सुमन, गोपी चन्द्र, चन्द्रभान, नितीश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## कांवड़ियों का जत्था हुआ रवाना



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** पवित्र श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए जगह-जगह से कांवड़ियों का जत्था रवाना हो रहा है। शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालु भक्त लगातार पहुंच रहे हैं।शुक्रवार को नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के शरीफाबाद से कांवड़ियों का एक जत्था भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुआ। इस दौरान शिवभक्त नाचते गाते बाबा के जयकारे लगाते हुए अपने गंतव्य को रवाना हुए।इस जत्थे में संदीप सरोज, वीरेंद्र साहू, बब्लू गौतम, पवन गौतम, पप्पू सोनकर, निशा पटेल आदि शिव भक्त सम्मलित रहे।

## एआरटीओ आफिस में अवैध वसूली करने वाले 11 अभियुक्त गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी।** एसपी दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध औषधि करने वाले 11 आरोपियों को कोतवाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर जल भेज दिया। थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण मो0 अकरम पुत्र मो0 सलीम निवासी मो0 नालापास दक्षिणी थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी, मो0 उस्मान पुत्र अल्ला भाइज निवासी नगराम थाना नगराम जनपद लखनऊ, मो0 मुनाफ पुत्र अफसार अली निवासी इस्लामनगर थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी ,शेष कुमार पुत्र हरीनाम निवासी दादरा जलालपुर थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी, राहुल कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी राजापुर थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी, मुकुल वर्मा पुत्र मूलचन्द्र वर्मा निवासी बरईया थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी, रितेश वर्मा पुत्र मनोज कुमार निवासी कटरा रजइपुर थाना मसौली जनपद बाराबंकी, समीर अहमद पुत्र मो0 इस्लाम निवासी बढनपुर थाना रामनगर जनपद बाराबंकी, मो. हमाद पुत्र मो0 सलीम निवासी बढनपुर थाना रामनगर जनपद बाराबंकी, मो0 हातिम पुत्र मो0 मजीम निवासी कस्बा व थाना हैदरगढ जनपद बाराबंकी, आदित्य पुत्र अशोक निवासी कोटवा सड़क थाना रामसनेहीघाट जनपद बाराबंकी को एआरटीओ कार्यालय परिसर के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण, लाइसेंस एवं अन्य दस्तावेज बनवाने के नाम पर भोली भाली जनता से अवैध वसूली करते थे।

## फूलपुर तहसील परिसर से जल्द हटेगा वाहन इस्तैंड , बुल्डोजर से हुई सफाई



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर।** तहसील परिसर की भीड़ और आए दिन की किच-किच से अधिवक्ता एवं वादकारी सभी त्रस्त थे। हर कोई पीड़ित यह चाहता था कि तहसील प्रांगण की भीड़ कम हो क्योंकि तहसील परिसर वाहन से भरा रहता था ऊपर से ठेकेदार की मनमानी से अधिकांस लोग परेशान रहते थे उसका व्यवहार काफी खराब रहता है वह किसी को सेटता नहीं था। सबसे भिड़ जाता था। बहरहाल संतोष का फल मीठा होता है जो आज शुक्रवार को सबके समक्ष प्रकट हुआ। संघ अध्यक्ष शिवपूजन तिवारी ने बीते सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान नहीं चलने दिया था वह अपने अधिवक्ता साथियों के साथ तहसील सभागार के सामने धरने पर बैठ गए थे जिसके चलते वाहन स्टैंड हटाने सहित कई प्रमुख मांगे मानने के लिए तहसील प्रशासन मजबूर हो गया जिस पर पहल करते हुए शुक्रवार को तहसील के बगल खाली पड़ी जमीन पर बुल्डोजर चलवा कर उसकी साफ सफाई के साथ ही उसका समतली करण कराया गया एस डी एम फूलपुर तपन कुमार मिश्र ने कहा कि कोई यहां रहने या आजीवन रहने हेतु नहीं आया है। परंतु मैने आम जन की पीड़ा महसूस करते हुए संघ परिवार के साथ यह कदम उठाया है। जिसमें मुझे तहसील प्रशासन के साथ अधिवक्ताओं का सहयोग मिला। अब इसका घेरा बंदी करा कर वाहन स्टैंड यही कराया जायेगा जिससे तहसील परिसर अंदर खाली रहे । संघ के अन्य पदाधिकारी ने कहा कि किसी शोहरत के लिए यह नेक कदम नहीं उठाया गया। बल्कि आम जन की पीड़ा ने हमें झकझोर कर रख दिया था।

# थाने के अंदर नाबालिक लड़की से बलात्कार के मामले में हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार व शिकायतकर्ता पीड़िता की मां से किया जवाब तलब

## मीडिया में खबर आने पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने योगी सरकार पर महिला सुरक्षा के मामले में हल्ला बोला था

सबसे तेज प्रयागराज

ललितपुर : ललितपुर जिले के थाना पाली के अंतर्गत वर्ष 2022 में 8 बच्चो की माँ ने अपनी नाबालिक 13 साल की बेटी के साथ चार लड़कों चंदन ,राजभान,हरिशंकर, महेंद्र चौरसिया के द्वारा अपहरण करके भोपाल ले जाकर वहां के जंगल व पुलिया के नीचे तीन दिन तक लगातार गैंगरेप किए जाने का आरोप लगाया और वहां से लौटकर आने पर पीड़िता के अपनी सगी मौसी के साथ थाने जाने पर शाम को 8 बजे थाने के अंदर तत्कालीन इंस्पेक्टर तिलकधारी सरोज को उनके कमरे में ले जाकर पकड़ा दिया जिस पर उसके द्वारा नाबालिक बेटी के साथ रेप होने के आरोप पर मीडिया में चर्चा होने पर मुकदमा दर्ज कराया था । एफ आई आर दर्ज होने से पहले वादिनी की शिकायत पर एस पी ,ललितपुर के आदेश पर बनी कमेटी ने 2 दर्जन गाँव वालों व 22 पुलिस कर्मियों के बयान लिए थे जिस पर सभी गवाहों ने कहा था कि घटना झूठी है पीड़िता की माँ दुष्चरित्र महिला है जो थाने के रिकॉर्ड में भी दर्ज है और देह व्यापार,कच्ची शराब तस्करी,लोगो को 376,354,३१/२३ एक्ट में फसाकर धन ऐंठ लेना, फिर न्यायालय में समझौता कर लेना।लेकिन मामला मीडिया में चर्चित होने पर एफ आई आर के बाद फिर एक कमेटी गठित हुई जिसमें याची के अलावा उसके हमराही कांस्टेबल सुनील सहित अन्य 11 लोगो के खिलाफ गैंग रेप,पॉक्सो, ३१ /२३ एक्ट ,अपहरण सहित कई गंभीर धाराओं में चार्ज सीट दाखिल किए जाने पर याची के द्वारा उन्मोचन प्रार्थना पत्र अपर सेशन जज (पॉस्को एक्ट),ललितपुर द्वारा खारिज किए जाने पर याची ने माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका दाखिल की ।एफ आई आर दर्ज होने पर याची निलंबन के बाद प्रयागराज अपने घर आने पर ए.डी. जी . जोन प्रयागराज,प्रेम प्रकाश ने गिरफ्तारी कराई थी।

याची की ओर से अधिवक्ता सुनील चौधरी ने माननीय न्यायमूर्ति संजय कुमार पचौरी के समक्ष बहस* में बताया याची ललितपुर जिले में बतौर थानाअध्यक्ष वर्ष 2022 में था। शिकायतकर्ता जो पीड़िता की मां है जिसका थाने के रिकॉर्ड के अनुसार अन्य तीन महिलाओं के साथ दुश्चरित्र महिला के गैंग के रूप में पिछले कई सालों से दर्ज है शिकायतकर्ता पीड़िता की मां ने स्थानीय राशन दुकानदारों, व्यापारियों ,ग्राम वासियों के विरुद्ध एक दर्जन से अधिक मुकदमे /शिकायत बलात्कार ,पोक्सो एक्ट ,एससी एसटी एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में दर्ज कर धन वसूली का काम कुछ फर्जी वकील जो पूरी तरह से वकालत के पेशे में न होकर गैंग के रूप में ऐसी महिलाओं के साथ लोगो को फसाने का काम करते है जो सरकार व पीड़िता से आरोपी गणों का का राजीनामा कर पैसा का बंदर बाट कर लेते है । पीड़िता की मां के ऊपर भी चार मुकदमे फर्जी रेप केस का आरोप लगाने,मारपीट करना, लोगो से धनउगाई,कच्ची शराब का अवैध कारोबार करने सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है। घटना से पूर्व पीड़िता की मां व नाबालिक बेटी के द्वारा चंदन ,राजभान व महेंद्र चौरसिया, याची व अन्य के विरुद्ध कई शिकायत गैंग रेप,पॉक्सो,एस सी -एस टी एक्ट आदि का आरोप जांच उच्च अधिकारी के द्वारा कराए जाने पर झूठे पाए गए और जांच अधिकारी ने कहा पीड़िता की मां झूठे मुकदमे करने में एक अभ्यस्त महिला है आम सोहरत ठीक नही ।झूठे मुकदमे कराए जाने व लोगों से धन ऐंठने के लिए आए दिन पुलिस अधिकारियों व स्थानीय ग्राम वासियों के विरुद्ध झूठी प्रार्थना पत्र देती रहती है ।

याची के अधिवक्ता सुनील चौधरी ने बताया कि पीड़िता ने स्वयं अपनी मां व सौतेले पिता के विरुद्ध 2021 में थाने में आकर याची को बताया की मेरी उम्र 17 साल है मेरे सौतेला पिता और उसकी माँ गाँव के चंदन व अन्य लोगो के विरुद्ध झूठा बलात्कार का मुकदमा लिखाने के लिए मारपीट करती रहती है और घर से निकाल दिया है जिस पर याची ने मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया था और सौतेले पिता व पीड़िता की मां के ऊपर मारपीट गली गलौच किए जाने पर विवेचक के द्वारा चार्ज सीट न्यायालय में दाखिल किया जा चुका है ।

इस केस में चार लड़कों में आरोपी राजभान के ऊपर बलात्कार का मुकदमा होने पर जेल के अंदर फांसी लगा लिया और वर्ष 2008 में आरोपी राजभान के सगे भाई जगन्नाथ के ऊपर भी पीड़िता की मां ने रेप का आरोप लगाते हुए जेल भिजवा दिया था उसके बाद ट्रायल के दौरान पीड़िता ने आरोपी राजभान की मां से लाखों रुपए की वसूली कर पक्ष द्रोही घोषित हो गई उसके इस काम में उसका पति गवाह के रूप में पक्ष द्रोही घोषित होकर कहा की जगन्नाथ ने कोई भी बलात्कार नहीं किया है जिस पर जगन्नाथ को निचली अदालत ने 2008 में निर्दोष करार कर दिया । निर्दोष होने के पश्चात फिर पीड़िता की मां ने और पैसे मांगे न देने पर न्यायालय में झूठा शपथपत्र देकर फिर मुकदमे की पैरवी शुरू कर दिया जिससे दुखी होकर जगन्नाथ ने भी फांसी लगा लिया था गांव के एक व्यक्ति ने भी पीड़िता की मां के द्वारा बलात्कार का आरोप लगाए जाने पर जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी । आरोपी महेंद्र चौरसिया जो लगभग 55 वर्ष के है जिसके दो बेटों की शादियां हो चुकी है पीड़िता कि मां ने पूर्व में कई बार बलात्कार का आरोप लगाकर न्यायालय में 156( 3) के तहत याची सहित अन्य आरोपियों के विरुद्ध बलात्कार,छेड़खानी, पोक्सो एक्ट व एससी एसटी एक्ट के तहत प्रार्थना पत्र दिया है। पीड़िता की मां ने पूर्व में भी याची के ऊपर गंभीर आरोप लगाकर शिकायत की है क्योकि याची ने अपने थाने पर पीड़िता की शिकायत मिलने पर मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश दिया था।

पीड़िता की मां ने याची, महेंद्र चौरसिया, दो दरोगा ,दो महिला कांस्टेबल के ऊपर थाने में मारपीट करने का आरोप लगाकर शिकायत की थी जो जांच में झूठा पाया गया था याची के ऊपर पीड़िता की मां के गुप्तांग में लात मार कर घायल करने अन्य पुलिस कर्मियों के द्वारा मारपीट करने का गंभीर आरोप थाने में लगा चुकी है ।

पीड़िता का 3 बार मेडिकल टेस्ट कराए जाने पर नो इंजरी और डी. एन.ए . का मिलान नहीं हो सका।

घटना की सूचना मिलने पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पीड़िता से मिलकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाए थे वही कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी योगी सरकार के थाने में बलात्कार होने के आरोप की सूचना मिलने पर ट्विटर पर योगी सरकार को आड़े हाथों लिया था। आरोपी महेंद्र चौरसिया और याची की पत्नीयो ने भी अखिलेश यादव व प्रियंका गांधी जी से पत्र भेजकर निवेदन किया था कि उनके पतियों को झूठा फसाया जा रहा है हमारे भी घर मे बेटियां है और आप भी बेटी के पिता है, बेटी है।

याची के अधिवक्ता ने बताया कि पीड़िता की मां (वादीनी)की शादी वर्ष 2003 में मध्य प्रदेश में हुई थी जहां से वह बिना तलाक दिए यूपी के ललितपुर जिले में आकर एक व्यक्ति के साथ रहकर गैंग का संचालन करने लगी जिसमे कुछ फर्जी वकील भी गैंग के सदस्य के रुप में शामिल हो गए जो सब कुछ जानते हुए भी शिकायकर्ता की प्रार्थना पत्र को टाइप कर लिखवाते है और इस प्रकार जनता का शोषण करने लगी । ललितपुर जिले के 10 वार्ड अध्यक्ष/ पार्षद, बीजेपी मंडल के नेता ,गांव के लोगों ने बयान दिया कि पीड़िता की मां दुश्चरित्र महिला है देह व्यापार ,कच्ची शराब का धंधा चलाकर अपने गैंग के सदस्यों के द्वारा लोगों से धनउगाही का काम करती है। कुछ फर्जी वकील बनकर पीड़िता की मां को आए दिन प्रार्थना पत्र लिखवा कर लोगों से धनउगाही का काम करवा कर पैसे का बंदर बाट करते हैं।याची के पूर्व के 2 इंस्पेक्टर पाली थाने में तैनात उन पर भी शिकायतकर्ता ने गंभीर आरोप लगाए थे।पीड़िता 8 वी पास बताती है जो कि शिक्षा विभाग ने उसकी मार्कशीट को त्रुटि पूर्ण बताया है । पीड़िता की मां भी ज्यादा नही पढ़ी है , सिर्फ हस्ताक्षर बना लेती है ।

अभियोजन पक्ष ने जांच के दौरान स्वयं माना है कि बलात्कार की घटना चार लड़कों राजभान ,हरिशंकर, महेंद्र चौरसिया (उम्र लगभग 55 वर्ष), हरिशंकर के द्वारा भोपाल जिले में नहीं हुआ है बल्कि पीड़िता चंदन व हरिशंकर के साथ राजस्थान बल्लभगढ़ में अपने जीजा के यहां तीन दिन तक थी जहां वह चंदन व हरिशंकर व अपने जीजा के साथ झील के किनारे मुस्कुराते हुए फोटो खिंचवा रही थी और जीजा फोटो खिंच रहा है।जिसको विवेचक ने केस डायरी का पार्ट भी बनाया है।

याची के अधिवक्ता ने बताया कि आरोपी महेंद्र चौरसिया की पत्नी ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया है कि पीड़िता की मां ने 11 दुश्चरित के मुकदमे कर रखे हैं पीड़िता की जन्मतिथि मार्कशीट के अनुसार 1-1 -2009 त्रुटि पूर्ण पाई गई है जिसको शिक्षा विभाग में जांच के दौरान बताया है । घटना के समय पीड़िता बालिग थी ।

13 आरोपियों की जमानत हाइकोर्ट से हुई और पीड़िता की माँ ने केवल याची के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट से जमानत निरस्त करा दिया और उस आदेश का रिव्यु सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है । याची के अधिवक्ता ने बताया कि सिर्फ याची से ही आपत्ति क्यो ।याची वर्तमान में ललितपुर जेल में है।

शासन के द्वारा एसआईटी जांच में फर्जी घटनास्थल को पीड़िता के सामने 3 -5-2022 को दिखाया गया है जबकि घटना के बाद पीड़िता चाइल्ड लाइन वन स्टाफ सेंटर में रह रही थी और घटना स्थल निरीक्षण के लिए पीड़िता को वन स्टाफ सेंटर से 4 -5- 2022 को रात्रि में 1:00 बजे घटनास्थल का मुआयना करने के लिए डीआईजी के निर्देश पर वन स्टाफ सेंटर से निकाला गया था और उसी दिन पीड़िता का 164 का बयान होना था।याची के अधिवक्ता ने बताया कि इस प्रकार साबित है कि घटना स्थल फर्जी है और रात्रि 1 बजे से सुबह 5 बजे तक पीडिता को सिखाया पढ़ाया गया और उसी दिन न्यायालय में 164 का बयान कराया गया।याची को झूठे केस में फसाया गया है।

*याची के अधिवक्ता ने बताया कि थाने की जीडी एंट्री में घटना के दिन शाम को 6:35 पर अपने क्षेत्राधिकारी मय हमराही शांति व्यवस्था कायम करने के लिए गस्त पर था जिसकी फोटो याची ने ललितपुर व्हाट्सएप ग्रुप में डाले जाने पर ललितपुर पुलिस ने शाम को 8:00 बजे 27 अप्रैल 2022 को अपने ट्विटर हैंडल पर लाइव फोटो अपलोड किया था उस गस्त की फोटो को ए.डी.जी. जोन कानपुर के द्वारा भी रिट्वीट किया गया था । याची के अधिवक्ता ने बताया कि चाइल्ड लाइन ललितपुर की निदेशक व अन्य कर्मचारी महिला ने भी पीड़िता के पक्ष में झूठा बयान देकर याची को झूठा फसाने की बात कही है पीड़िता के मेडिकल में डॉक्टर ने अपने बयान में कहा की पांच लोगों के द्वारा बलात्कार करना मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर बरी किया जाना थोड़ा मुश्किल है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने भी मेडिकल में बलात्कार की पुष्टि न होने पर एससी एसटी एक्ट में आर्थिक सहायता धनराशि नहीं दिया । ऊढअ का भी मिलान नही हुआ । प्रयागराज में 50 फेक केस रेप,एस सी एस टी की जांच हाइकोर्ट के निर्देश पर सी बी आई कर रही है केस विचाराधीन होने पर उसी केस से जोड़कर इस केस में भी सी बी आई जांच कराया जाए। जिस पर हाइकोर्ट ने सरकार व शिकायतकर्ता पीड़िता की माँ से जवाब तलब किया है अगली सुनवाई की तारीख 7 अगस्त नियत किया है।




# नोरा फतेही

## और तमन्ना भाटिया के फैन्स सोशल मीडिया पर भिड़े, Stree 2 का Aaj Ki Raat या स्त्री का कमरिया, कौन सा है बेस्ट?

स्त्री फिल्म साल 2018 में रिलीज हुई थी और ब्लॉकबस्टर रही थी. 25 करोड़ रुपये के बजट वाली राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर लगभग 170 करोड़ रुपये का कलेक्श किया था. अब इसका सीक्वल स्त्री 2 का ट्रेलर रिलीज हो चुका है. फैन्स को पसंद आया क्योंकि स्त्री के बाद सरकटे की एंट्री जो हो गई है.अभी कल ही फिल्म का पहला स्पेशल सॉन्ग आज की रात रिलीज कर दिया गया है और इस गाने में तमन्ना भाटिया ने खूब डांस किया है. लेकिन इसी बात को लेकर सोशल मीडिया पर नोरा फतेही और तमन्ना भाटिया के फैन्स में ठन गई है. स्त्री में नोरा फतेही का कमरिया सॉन्ग था जो खूब हिट रहा था. अब जब स्त्री 2 के इस स्पेशल सॉन्ग में नोरा नहीं दिखी तो उनके फैन्स को गुस्सा आ गया और वो लगे कमेंट करने. इस तरह तमन्ना भाटिया के गाने को लेकर आई पोस्ट पर नोरा फतेही फैन्स वर्सेज तमन्ना भाटिया फैन्स होता नजर आया.

मैडडॉक फिल्म्स ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर तमन्ना भाटिया का ये सॉन्ग रिलीज किया है. इस गाने में तमन्ना भाटिया ग्रीन कलर की ड्रेस में काफी खूबसूरत दिखाई दे रही हैं. उन्होंने गाने को खास बनाने की भी पूरी कोशिश की है. गाने में पंकज त्रिपाठी, राजकुमार राव और उनके दोस्त बने आर्टिस्ट भी दिखाई देते हैं. गाने को गाया है मधुबंती बागची ने और लिखा है अमिताभ भट्टाचार्य ने. तमन्ना भाटिया क स्त्री के आज की रात गाने पर लाइक्स की बौछार भले ही बहुत तेजी से हो रही हो. लेकिन उन्हें इस गाने को देखकर स्त्री वन के कमरिया गाने की भी याद आ रही है. जिसमें नोरा फतेही नजर आई थीं. एक फैन ने लिखा कि कमरिया सॉन्ग ज्यादा अच्छा था. इस बार भी नोरा फतेही को लेना चाहिए था. एक और फैन ने लिखा कि जितना एक्सपेक्ट किया था, उतना अच्छा नहीं है. एक फैन ने लिखका कि कमरिया सॉन्ग का इंपेक्ट ही अलग था. मैं तो उसी की वजह से फिल्म देखने गया था. एक और फैन ने स्ट्रेट फॉर्वर्ड कमेंट किया कि ये बेकार गाना है. कुछ फैन्स ने तमन्ना भाटिया के डांस की भी तारीफ की है. लेकिन उन्हें गाने का पेस और उसके साथ ऐसा डांस जमा नहीं. एक फैन ने लिखा कि कोरियोग्राफर ने गाने को बरबाद कर दिया. वहीं कई फैन्स ने तमन्ना के इस गाने को बेस्ट बताया है.

## जिसे पहनाया डायमंड का ब्रेसलेट, उसी ने दिया धोखा...शिवानी कुमारी पर बरसीं सना सुल्तान



सना सुल्तान बिग बॉस ओटीटी के सीजन 3 से बाहर हो गई हैं. सना के शो से बाहर होते समय शिवानी कुमारी के साथ की बदसलूकी ऑडियंस को बिलकुल भी रास नहीं आ रही है. इस बात को लेकर बिग बॉस के फैन्स सना सुल्तान को सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल कर रहे हैं. हाल ही में टीवी9 हिंदी डिजिटल के साथ की एक्सक्लूसिव बातचीत में सना ने शिवानी के साथ अपने इस रवैये की सफाई दी है. सना का कहना है कि दोस्त होने के बावजूद जिस तरह से उन्हें घर से बाहर निकालने के लिए शिवानी कोशिश कर रही थीं, वो देखकर उन्हें बड़ा दुख हुआ.सना ने कहा, जिस तरह से मैं शिवानी के साथ पेश आई, उसके लिए मेरे पास वाजिब वजह है. मैं इससे पहले एक बात आपको बताना चाहती हूं कि मैं फेक पर्सनालिटी नहीं हूं. जो मैं दिल में महसूस करती हूं वही मेरी जुबान पर होता है और मेरे चेहरे पर भी. मैं चाहती, तो कैमरा के लिए स्माइल कर सकती थी. लेकिन उस वक्त मैं बहुत नाराज थी. मैं मानती हूं कि बिग बॉस ने हमें टास्क दिया था और इस टास्क में घरवालों को मुझे डिस्ट्रैक्ट करना था. दरअसल इस टास्क से मुझे कोई दिक्कत नहीं थी. लेकिन शिवानी के अंदाज से मैं खफा थी.

**दोस्त ने दिया धोखा**

आगे सना बोली ,शिवानी जानती थीं कि ये एलिमिनेशन टास्क है. मैं इस बात से बिलकुल भी गुस्सा नहीं हूं कि वो मुझे डिस्ट्रैक्ट कर रही थी. लेकिन अरमान के साथ हाथ मिलाकर उन्होंने मुझे धोखा दिया. अरमान मेरी बॉडी का, मेरे फेस का मजाक उड़ा रहे थे और शिवानी भी वही कर रही थीं.

## ये लोग सिंगल स्क्रीन्स की वाट लगा देंगे... 'स्त्री 2 के साथ अक्षय-जॉन की फिल्मों की टक्कर पर बोले थिएटर मालिक



इस साल 15 अगस्त के मौके पर कई फिल्में सिनेमाघरों में आने वाली हैं. इंडिपेंडेंस डे पर 3 फिल्में रिलीज होने जा रही हैं. इनमें श्रद्धा कपूर-राजकुमार राव की 'स्त्री 2', जॉन अब्राहम की 'वेदा', अक्षय कुमार स्टारर 'खेल खेल में' शामिल हैं. ऐसे में एग्जीबिटर्स नाराज हैं. ऐसा इसलिए है क्योंकि उन्हें इसमें कोई लॉजिक नजर नहीं आ रहा है. उनके मुताबिक ये तीनों बिजनेस एक-दूसरे के आड़े आएंगे. इसके ठीक एक हफ्ते बाद यानी 23 और 30 अगस्त को कोई फिल्म रिलीज नहीं होने जा रही है. इसलिए वो चाहते हैं कि इनमें से एक फिल्म को 23 या 30 अगस्त के लिए शिफ्ट कर दिया जाए.थिएटर मालिकों को इस बात का भी डर है कि डिस्ट्रीब्यूटर्स उन्हें अपनी फिल्मों को ज्यादा से ज्यादा शो देने के लिए मजबूर करेंगे. उनके मुताबिक डिस्ट्रीब्यूटर्स का ये कहना होगा कि उनकी फिल्मों को बाकी दो फिल्मों से ज्यादा बार दिखाया जाए.

एग्जीबिटर्स कहते हैं कि ऐसा पहले भी हो चुका है जब डिस्ट्रीब्यूटर्स ने अपनी फिल्में चलाने के लिए उन्हें ब्लैकमेल किया. उन्हें ये कहकर ब्लैकमेल किया गया कि अगर उन्होंने ऐसा नहीं किया तो भविष्य में उन्हें बड़ी फिल्में रिलीज करने को नहीं मिलेंगी. उन्होंने हमेशा दो फिल्मों की टक्कर में इस समस्या का समाधान ढूंढा है, लेकिन इस बार तीन फिल्मों की टक्कर होने जा रही है. ऐसे में वो सभी खुश होने की जगह बजाय चिंता में हैं.

**एग्जीबिटर्स और डिस्ट्रीब्यूटर का क्या कहना है?**

इस बारे में एग्जीबिटर्स ने बॉलीवुड हंगामा से बात की और अपनी राय साझा की. इस बारे में फिल्म एग्जीबिटर और डिस्ट्रीब्यूटर अक्षय राठी कहते हैं कि अगर एग्जीबिटर्स से ये उम्मीद की जाए कि वो एक फिल्म को बाकी दो फिल्मों से ज्यादा सपोर्ट करेंगे तो ये संभव नहीं होगा. डिस्ट्रीब्यूटर और एग्जीबिटर राज बंसल ने बताया कि ऐसी स्थिति में सबसे कमजोर फिल्म को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ता है. हर प्रोड्यूसर को लगता है कि उसकी फिल्म सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर साबित होगी. उनके मुताबिक ये सब तीन पत्ती का खेल है और यहां हर कोई सोचता है कि उसके पास तीन इक्के हैं. राज के मुताबिक, प्रोड्यूसर को ये समझना चाहिए कि हो सकता है कि उनके पास तीन इक्के न हों. यहां समझदारी इसी में है कि इसे एक या दो हफ्ते के लिए टाल दिया जाए. इससे कम से कम ये तो तय हो जाएगा कि वो अपना शो पूरा एक हफ्ता चला पाएंगे.

बिहार के पूर्णिया, रूपबानी सिनेमा के ओनर विशेक चौहान ने 'स्त्री 2' के बारे में बात की है. उनके मुताबिक, 'स्त्री 2' के ट्रेलर को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला है. इसलिए यह संभव है कि इस फिल्म को भी दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिले. लेकिन जब तीन फिल्में एक साथ रिलीज होंगी तो यह संभव है कि ये पिक्चर उम्मीदों पर खरी न उतरे. इसकी वजह के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, सारे डिस्ट्रीब्यूटर हमारे सिर पर चढ़ के शोज मांगेंगे. विशेक का ये भी कहना है कि तीन फिल्मों को जगह देना मुश्किल होगा, ऐसे में ये लोग सिंगल स्क्रीन की वाट लगा देंगे.

# आलिया और कटरीना

## को लगाना होगा एड़ी चोटी का जोर, तब जाकर टूट पाएगा दीपिका पादुकोण का ये रिकॉर्ड



बॉलीवुड इंडस्ट्री की क्वीन और टॉप एक्ट्रेसेस में से एक दीपिका पादुकोण अपने नाम अब तक कई बड़े-बड़े रिकॉर्ड शामिल कर चुकी हैं. करीब 17 साल पहले दीपिका ने हिंदी सिनेमा में शाहरुख खान की फिल्म 'ओम शांति ओम' से कदम रखा था. एक्ट्रेस की पहली ही फिल्म शानदार साबित हुई थी और उन्होंने बॉलीवुड में अपने पैर जमा लिए थे. शाहरुख खान के साथ जब-जब दीपिका पादुकोण फिल्मों के लिए हाथ मिलाती है, नतीजा देखने लायक ही होता है. हालांकि उनके पास एक ऐसा बड़ा रिकॉर्ड है, जिसे तोड़ने के लिए हर एक्ट्रेस को अपनी एड़ी चोटी का जोर लगाना होगा.

**दीपिका पादुकोण ने रचा इतिहास**

दरअसल दीपिका पादुकोण ने पिछले दो साल के अंदर इतिहास रच दिया है. उन्होंने एक ही कारनामा एक या दो बार नहीं बल्कि 3-3 बार करके दिखाया है. दीपिका पादुकोण हिंदी सिनेमा में अब तक की इकलौती ऐसी एक्ट्रेस हैं, जिनकी फिल्में 1000-1000 करोड़ से ज्यादा की कमाई करती हैं. 'पठान' से शुरू हुआ ये सिलसिला 'कल्कि 2898 एडी' तक जारी है. साल 2023 जितना शाहरुख खान के लिए बेहतरीन साबित हुआ, उतना ही दीपिका के लिए भी लकी रहा. 'पठान' से सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए शाहरुख-दीपिका की 'जवान' भी पिछले साल ही रिलीज हुई. 'जवान' ने कमाई के मामले में 'पठान' को भी मात दे दी. अब 27 जून को दीपिका पादुकोण की 'कल्कि 2898 एडी' रिलीज हुई है, जो अब तक 1000 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर भी चुकी है.

**न आलिया न कटरीना, कोई नहीं है टक्कर में**

दीपिका पादुकोण ने 1000-1000 करोड़ का जो ये बड़ा रिकॉर्ड सेट कर दिया है, उसे तोड़ पाना आलिया भट्ट और कटरीना कैफ के लिए भी काफी मुश्किल होने वाला है. कटरीना कैफ और सलमान खान की 'टाइगर 3' से काफी उम्मीद की जा रही थी. ङ्क्रस्न स्पाई यूनिवर्स की इस फिल्म को लेकर अंदाजा लगाया जा रहा था कि ये पठान और जवान दोनों को करारी टक्कर देगी. लेकिन ऐसा हो नहीं पाया. कटरीना की लाख कोशिश और जबरदस्त एक्शन के बाद भी 'टाइगर 3' ने दुनिया भर में महज 466.63 करोड़ की कमाई की. कटरीना के पास इस वक्त कोई बड़ा प्रोजेक्ट भी नहीं है, जिसके जरिए वो दीपिका की गद्दी को हिला सकें.

**आलिया भट्ट के पास है बड़ा मौका**

आलिया भट्ट ने अपनी अदाकारी के दम पर कई फिल्मों को हिट करवाया है. आलिया पर मेकर्स बड़े-बड़े दांव खेलने को भी तैयार बैठे हुए हैं. शायद इसी के चलते दीपिका और कटरीना के बाद अब YRF स्पाई यूनिवर्स ने आलिया भट्ट को भी अपनी गैंग में शामिल कर लिया है.

YRF स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म एल्फा में आलिया भट्ट लीड रोल में नजर आने वाली है. ये एक बड़े बजट की फिल्म है, जिसके लिए YRF तगड़ी प्लानिंग कर रहे हैं.

